अमृत विचार

मुरादाबाद, बुधवार, 18 फरवरी 2026



## ब्रीफ न्यूज

### अतिरिक्त बसों का संचालन 20 से

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) मुरादाबाद क्षेत्र में होली विशेष प्रोत्साहन योजना 28 फरवरी से लागू होगी। इसका लाभ नियमित, संविदा, आउटसोर्स चालक, परिचालक व डिपो, कार्यशाला कर्मियों को मिलेगा। इससे यात्रियों को अतिरिक्त बसें चलने से त्योहारों में राहत मिलेगी। क्षेत्रीय सेवा प्रबंधक अनुराग यादव ने लखनऊ मुख्यालय के आदेश पर 20 फरवरी से 9 मार्च तक विशेष परिवहन व्यवस्था की घोषणा की। बताया कि होली दो से चार मार्च (सोमवार-बुधवार) मनेगी, इसलिए 26 फरवरी से 9 मार्च तक अधिक बसें चलेंगी। पीतल नगरी डिपो पर यात्री अधिक होने से व्यवस्थित संचालन होगा, अनुसूचित प्रतिबंध शिथिल रहेंगे। इस प्रोत्साहन योजना से आय वृद्धि का लक्ष्य है। चालक-परिचालकों को होली पूर्व व पश्चात स्थानीय, निकटवर्ती रूटों पर विशेष फेरे चलाने के निर्देश हैं।

### शिविर में 87 बालिकाओं को लगा एचपीवी टीका

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सोसाइटी फॉर ऑल राउंड डेवलपमेंट (सार्ड) द्वारा मंगलवार को एचपीवी टीकाकरण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में 87 लाभार्थियों को एचपीवी का टीका लगाया गया। कार्यक्रम का आरंभ सीएमओ डॉ. कुलदीप कुमार व जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. रणवीर सिंह ने किया। उन्होंने सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में एचपीवी टीकाकरण की महत्ता पर प्रकाश डाला। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी संजीव बेलवाल, अनिल कुमार मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग की दो टीमों ने टीकाकरण कराया। प्रतिभागियों को सैनिटरी पैड वितरित किए गए। सार्ड मुरादाबाद की प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर लोतिका जैकब के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ।

### द्वितीय सेमेस्टर की कक्षाएं आज से

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश जारी किए गए हैं कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के स्नातक, परास्नातक द्वितीय सेमेस्टर (सम सेमेस्टर) की नियमित व अतिरिक्त कक्षाएं 18 फरवरी से प्रारंभ करें। प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं (विधि पाठ्यक्रम को छोड़कर) 16 फरवरी को समाप्त हो चुकी हैं। विवि प्रशासन ने सभी महाविद्यालयों से अनुरोध किया है कि पाठ्यक्रम समय पर पूरा कर लें, जिससे द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं निर्धारित समय पर हो सकें। यह नोटिस रजिस्ट्रार गिरीश कुमार द्विवेदी ने जारी किए हैं। बताया कि मुरादाबाद मंडल के 372 महाविद्यालय संबद्ध हैं।

---

### मुरादाबाद संभाग में खरीदा गया 43,7350.06 मीट्रिक टन धान, 99.97 प्रतिशत लक्ष्य हासिल

# रामपुर में सर्वाधिक 184269.44 मीट्रिक टन खरीद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **अमरोहा में सबसे कम 13919.03 एमटी, बिजनौर में 63645.11 एमटी खरीद**
- **संभल में 69920.87 एमटी व मुरादाबाद जिले में 105595.61 मीट्रिक टन खरीदा**



**अमृत विचार:** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत चल रहे सत्र में मुरादाबाद संभाग के सभी जिलों को मिलाकर कुल 42,8474.61 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। जो शासन से मिले लक्ष्य के अनुपात में 99.97 प्रतिशत उपलब्धि है। इसमें सर्वाधिक खरीद रामपुर जिले में 184269.44 मीट्रिक टन की खरीद की गई है जबकि सबसे कम खरीद अमरोहा में 13919.03 एमटी है। मुरादाबाद जिले में धान की खरीद 105595.61 मीट्रिक टन की गई है। अब विभाग के सामने चुनौती खरीदे गए धान को राइस मिलों तक भेजने की है। बोरों की रैक आने का इंतजार अधिकारी कर रहे हैं।

मुरादाबाद जिले में 64 केंद्रों पर धान की खरीद की गई। जिसमें खाद्य विभाग, पीसीएफ, नैफेड, पीसीयू, यूपीएसएस को केंद्र आवंटित किया गया था। शासन से जिले को 10,5100 मीट्रिक टन का लक्ष्य दिया गया था। जिसके सापेक्ष जिले में 10,55,95.61 मीट्रिक टन की खरीद की गई। वहीं रामपुर जिले में 184269.44 मीट्रिक टन की खरीद की गई है। मुरादाबाद संभाग में धान खरीद का लक्ष्य शासन से 437460 मीट्रिक टन का था। जिसके सापेक्ष 437350.06 मीट्रिक टन की खरीद हो चुकी है। जो शासन से मिले लक्ष्य का 99.97 प्रतिशत है। जबकि पिछले खरीद सत्र में मुरादाबाद संभाग में 428474.61 मीट्रिक टन की खरीद हुई थी। इस प्रकार इस सत्र में पिछली बार से अधिक धान खरीद की गई है। अब विभाग को खरीदे गए धान को राइस मिलों तक जल्द पहुंचाने की चुनौती है। संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी दुर्गेश प्रसाद ने बताया कि अब तक संभाग में मिलों को 406239.28 मीट्रिक टन धान भेज दिया गया है। 436 गांठ बोरे की और मंगाई जा रही है। जैसे ही बोरे मिल जाएंगे शेष धान को भी मिलों को भेज दिया जाएगा।

**धान खरीद का लक्ष्य व प्रगति**

| जिला | लक्ष्य (मीट्रिक टन) | कुल खरीद (मीट्रिक टन) | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| मुरादाबाद | 105600 | 105595.61 | 100 |
| संभल | 70000 | 69920.87 | 99.89 |
| अमरोहा | 13920 | 13919.03 | 99.99 |
| बिजनौर | 63670 | 63645.11 | 99.96 |
| रामपुर | 184270 | 184269.44 | 100 |
| कुल योग | 437460 | 437350.06 | 99.97 |

---

## दो टीमें हाईवे पर करेंगी चेंकिग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **बिना परमिट प्राइवेट बसें भर रही ओवरलोड सवारियां, बस यूनियन ने की शिकायत**

**अमृत विचार:** बिना परमिट के अवैध रूप से सवारियां भरने वाली प्राइवेट बसों पर बस यूनियन ने परिवहन विभाग के अधिकारियों से शिकायत की। आरोप लगाया कि कम किराए में मानक से अधिक सवारियां भरकर और भारी माल ढोने वाली ऐसी बसों के चालक नियम तोड़ रहे हैं।

मंगलवार को प्राइवेट बस यूनियन के अध्यक्ष रईस बेग ने बताया कि बिलारी, प्रभात मार्केट, लाजपत नगर से सुबह डग्गामार बसों जो कि बिना परमिट सुबह पांच बजे सवारियां भरती है, इतना ही नहीं बल्कि रोडवेज पीतल नगरी डिपो के सामने से आवाज लगाकर खुलेआम सवारियां ले जा रहे हैं। इसके डिक्की में दिल्ली आने वाले माल को ढो रहे हैं। जिससे टैक्स देने वाली स्टेज कैरिज बसों को सवारियां नहीं मिल रही हैं। पदाधिकारियों ने बताया कि प्राइवेट बसें हाईवे पर ओवरलोड होकर खतरा बन रही हैं, जबकि वैध बसें खाली चल रही हैं।

> परिवहन विभाग में पंजीकरण कराकर टैक्स जमा करने वाली प्राइवेट बस यूनियन के पदाधिकारी ने डग्गामार बसों की अवैध रूप से सवारियां भरने की शिकायत की है। इस पर रोक के लिए हाईवे पर दो विशेष टीमें गठित की गई हैं। जिसमें एआरटीओ प्रवर्तन और पीटीओ की टीम चेकिंग कर ऐसी बसों को बंद करेंगी जो बिना परमिट, ओवरलोड सवारियों व मालवाहक वाहनों के स्थान पर माल ढो रही हैं। - **राजेश सिंह**, संभागीय परिवहन अधिकारी

---

# टांडा में युवक ने गोली मार कर ली आत्महत्या

### मुरादाबाद ले जाते वक्त तोड़ा दम, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल



घटना के बाद घर के बाहर लगी लोगों की भीड़। • अमृत विचार

संवाददाता, टांडा (रामपुर)

- **घरेलू कलह से तंग आने की चर्चा पुलिस को नहीं दी सूचना**

**अमृत विचार :** घरेलू कलह के चलते ट्रक संचालक ने गोली मार ली। फायर की आवाज सुनने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। आनन फानन में परिजन घायल को लेकर सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन घायल को मुरादाबाद ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस को घटना की जानकारी नहीं है।



मृतक सईद।

कस्बे के मोहल्ला हाजीपुरा निवासी मोहम्मद सईद उर्फ मास्टर (28 वर्ष) ट्रक चलवाते थे। बताया जाता है कि मंगलवार को मोहम्मद सईद ने खुद को गोली मार ली थी। गोली की आवाज सुनकर परिजन उनके कमरे की ओर गए, तो देखा कि मोहम्मद सईद घायल अवस्था में पड़े हैं। परिजन उन्हें आनन फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन घायल मोहम्मद सईद को लेकर मुरादाबाद जा रहे थे, लेकिन उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। सईद आठ भाई-बहनों में चौथे नंबर के थे। उनकी मौत से परिजनों का रो रोकर बुराहाल है। वहीं मोहल्ले के लोगों ने बताया कि कुछ दिनों से मोहम्मद सईद के परिवार में कलह का वातावरण था। जिससे वह अवसाद में रहते थे। इसी से परेशान होकर उन्होंने आत्महत्या कर ली होगी। उधर पुलिस ने बताया कि मामले के संबंध में उन्हें न तो जानकारी मिली है और न ही किसी की ओर से तहरीर मिली है।

---

## खेत में मिला तेंदुए का शव

**कांठ, अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर में खेत में एक तेंदुआ मृत अवस्था में मिला है।

क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर में मंगलवार को किसान कृषि कार्य के लिए जंगल गए थे। जहां उन्होंने रणजीत सिंह के खेत में एक तेंदुआ मृत अवस्था में पड़ा हुआ देखा। ग्रामीणों ने इस संबंध में वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने पर डिप्टी वन डेंजर पुष्पेंद्र सिंह टीम के साथ गांव पहुंचे। डिप्टी वन रेंजर ने बताया ने बताया कि शव बरामद कर डियर पार्क मुरादाबाद में सुरक्षित रखा गया है।



तेंदुए का शव।

---

## नकली कैल्शियम बेचते दुकानदार पकड़ा

संवाददाता स्वार

**अमृत विचार :** क्षेत्र में किसानों के शोषण का एक और मामला सामने आया है। फसल की पैदावार बढ़ाने के नाम पर किसानों को नकली खाद और दवाइयां बेची जा रही हैं। मंगलवार को नकली कैल्शियम बेचने की सूचना पर गुड़गांव से आई कंपनी टीम ने नगर के मुख्य चौराहे के निकट स्थित शर्मा फर्टिलाइजर की दुकान पर छापामार कार्रवाई कर एक नकली कैल्शियम का कट्टा बरामद किया।



स्वार में छापामारी के दौरान दुकान में पूछताछ करती टीम। • अमृत विचार

कार्रवाई के दौरान टीम ने दुकानदार को यारा वीरा नाइट्रोजन कैल्शियम का नकली कट्टा 500 रुपये में बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। जबकि बाजार में इसी कंपनी के असली कैल्शियम कट्टे की कीमत लगभग 1400 रुपये बताई जा रही है। सस्ते दामों का लालच देकर किसानों के साथ खुलेआम धोखाधड़ी की जा रही थी। छापेमारी करने वाली टीम का नेतृत्व कर रहे एरिया मैनेजर धर्मेंद्र कुमार ने तत्काल इसकी सूचना जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह को दी। सूचना मिलते ही जिला कृषि अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने टीम को नकली खाद बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। टीम ने कैल्शियम के नमूने लेकर लैब को भेजा है। कार्रवाई के दौरान नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के खाद बीज विक्रेताओं में हड़कंप मचा रहा। गौरतलब है कि क्षेत्र में लंबे समय से नकली खाद एवं कीटनाशक और कृषि दवाओं का अवैध कारोबार फल फूल रहा है। इसका सीधा नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है, जहां मेहनत की कमाई लूटने के साथ साथ फसलें भी खराब हो रही हैं।



स्वार में नकली कैल्शियम का कट्टा दिखाती गुड़गांव से आई टीम।

---

## अलग-अलग सड़क हादसों में सात घायल दो रेफर

**बिलासपुर, अमृत विचार:** अलग-अलग सड़क हादसों में सात व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी से डॉक्टरों ने दो को बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। सोमवार रात पहला हादसा हाईवे पर मनकरा के पास हुआ, जहां पिथौरागढ़ से दिल्ली जा रही एक टैक्सी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। कार में चालक समेत चार लोग सवार थे। टैक्सी चालक फरार हो गया, जबकि एक महिला यात्री रिश्तेदार के साथ निजी डॉक्टर के पास चली गई। शेष दो घायलों को एंबुलेंस द्वारा सीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान पिथौरागढ़ उत्तराखंड के भरकटिया निवासी नवीन सिंह और गाजियाबाद के टॉवर सी प्लेटिनम हाइट निवासी अमर सिंह गुंजियाल के रूप में हुई है। दूसरी दुर्घटना केमरी रोड पर खानपुर जदीद गांव के पास हुई। इसमें गांव खानपुर जदीद निवासी ई-रिक्शा चालक मेहंदी हसन घायल हो गए। मेहंदी हसन डंडिया की साप्ताहिक बाजार से सवारियां लेकर जा रहे थे, तभी सामने से आ रहे दो बाइक सवार आपस में टकरा गए। टकराव के बाद एक बाइक मेहंदी हसन के ई-रिक्शा में जा घुसी, जिससे वह घायल हो गए।

---

## युवाओं, महिलाओं, किसानों के हित में बजट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



चौपाल में बोलते भाजपा के वरिष्ठ नेता केके मिश्रा। • अमृत विचार

- **भाजपा की ओर से केंद्रीय बजट पर चौपाल में की गई चर्चा**

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी महानगर की ओर से मुरादाबाद देहात विधानसभा के मानसरोवर कन्या इंटर कॉलेज नवीन नगर में चौपाल आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता भाजपा नेता केके मिश्रा रहे।

मुख्य अतिथि केके मिश्रा, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। इसके बाद वंदेमातरम गान किया गया। चौपाल की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश सिसोदिया और संचालन कार्यक्रम संयोजक राहुल शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता ने कहा कि बजट मुख्य रूप से युवाओं, महिलाओं, किसानों के हित में है। जिससे 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में आसानी होगी। राज्य को इंफ्रास्ट्रक्चर उद्योग, कृषि और युवाओं का ग्रोथ इंजन बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। 10,000 करोड़ से प्रदेश के कुटीर उद्योग हस्तशिल्प, हैंडलूम, चमड़ा, और फूड प्रोसेसिंग सैक्टर को मजबूती मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ेगा। बायो फार्मा शक्ति योजना से फार्मा और मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा। कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश सिसोदिया ने कहा कि यह सर्व समाज का बजट है। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक राहुल शर्मा, सह संयोजक नवदीप टंडन, पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, प्रांतीय परिषद सदस्य निमित जायसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, विशाल त्यागी, सुनीता शर्मा, शम्मी भटनागर, अजय वर्मा, राजदीपक शर्मा, शशि किरण, मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति, सोमपाल सिंह, विशाल रस्तोगी, वीरपाल सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

## त्योहारों की तैयारी, जर्जर अटल पथ की मरम्मत शुरू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **अमृत विचार ने प्रकाशित की थी खबर, डीएम ने दिए निर्देश**

**अमृत विचार:** वित्तीय वर्ष के आखिरी महीनों में और आगामी त्योहारों को देखते हुए टूटी व जर्जर सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। मंगलवार को सिविल लाइंस स्थित अटल पथ की टूटी सड़क का मरम्मत शुरू हुआ। यह सड़क कई जगह धंस गई थी। जिसे लेकर अमृत विचार ने खबर भी प्रकाशित की थी।

महानगर में टूटी सड़कें नागरिकों को दर्द दे रहीं थी। डीएम के निर्देश पर सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरु कराया गया। मंगलवार को सिविल लाइंस स्थित अटल पथ की सड़क कई जगह टूटने के साथ धंस गई थी। जिससे लोगों को असुविधा हो रही थी। वाहन भी हिचकोले खाते हुए जा रहे थे। जबकि इस मार्ग पर कई सरकारी विभाग के कार्यालय व अधिकारियों के आवास और पार्क हैं। जिससे इस मार्ग पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है। जिसे देखते हुए डीएम ने टूटी सड़कों की मरम्मत करने का निर्देश विभागों के अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को पिछले दिनों दिया था। जिसके क्रम में कार्य कराया जा रहा है।

इसके अलावा आशियाना फेज एक व दो सहित अन्य कई सड़कों की दशा काफी खराब है। जिसके ठीक होने का नागरिक इंतजार कर रहे हैं।

---

## मंदिर के पार्क में तोड़फोड़ पर गुस्सा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



मंदिर के क्षतिग्रस्त होने की सूचना पर पहुंचे नगर विधायक रितेश गुप्ता। • अमृत विचार

- **लोगों ने मंदिर किया बंद, नगर निगम के कार्यों का किया विरोध शाम को पहुंचे नगर विधायक**

**अमृत विचार:** हनुमान मूर्ति माता मंदिर के पार्क में तोड़फोड़ कर पत्थर की प्लेटों को तोड़ने और शनिदेव की मूर्ति को भी क्षतिग्रस्त करने का आरोप नगर निगम के कर्मचारियों पर लगाकर लोगों ने कड़ी नाराजगी जताई। कहा इससे लोगों की धार्मिक आस्था को भी ठेस पहुंची है। मंदिर समिति के आह्वान पर मंगलवार को लोगों ने विरोध किया। सूचना पर नगर विधायक रितेश गुप्ता पहुंचे। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से वार्ता कर पार्क और मंदिर को कोई नुकसान न पहुंचाने का आश्वासन दिया। इसके बाद मंदिर खुला।

मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष लोकतंत्र रक्षक सेनानी शिवचरन लाल प्रजापति ने बताया कि सोमवार को नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त और सफाई नायक नीरज पाराशर नेटीम के साथ मंदिर पार्क और शनिदेव मंदिर में तोड़फोड़ कर दी। जबकि यह पार्क नगर निगम का न होकर सार्वजनिक है। आरएसएस की शाखा भी लगती है। बड़ी संख्या में लोग यहां आते हैं लेकिन निगम ने जबरन तोड़फोड़ कर दी। इसके विरोध में मंदिर बंद कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में कटघर थानाध्यक्ष को पत्र लिखकर जानकारी दी गई। आरोप लगाया कि सफाई नायक ने मंदिर के पुजारी पंडित खेमानंद से अभद्रता भी की। मंदिर समिति की मांग है कि दोषी सफाई नायक को इस क्षेत्र से हटाया जाए। वहीं शाम को नगर विधायक रितेश गुप्ता भी पहुंचे। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि विधायक की मौजूदगी में वार्ता हुई। उनके आश्वासन पर मंदिर खोल दिया गया है।

---

## टीईटी अनिवार्यता समाप्त कराने को करेंगे संघर्ष



आंदोलन के बारे में शिक्षकों को जानकारी देते जोगेंद्र पाल सिंह। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने किया आह्वान**

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने मंगलवार को हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज में बैठक में शिक्षकों से मिलकर 2011 से पूर्व सेवारत शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता समाप्त करने की रणनीति पर चर्चा की।

प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ 2011 से पूर्व सेवारत शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता समाप्त कराने के लिए निर्णायक संघर्ष कर रहा है। आंदोलन में महासंघ किसी संगठन या संयुक्त मोर्चे में शामिल नहीं होगा। आंदोलन निर्णायक दौर में है। संगठन लाखों शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के लिए संकल्पित है। इस दौरान हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नन्हें सिंह, शिक्षक समर पाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, जगदीश चंद्र, विजेंद्र सिंह, ज्योति अग्रवाल, मंजू सिंह, गीता यादव, संजना बाजपेई, विमलेश कुमारी, उपासना गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

---

## रोजगार मेला में 50 से अधिक कंपनियां करेंगी प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** डीएम अनुज सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जनपद स्तर पर गठित जिला कार्यकारी समिति की बैठक मंगलवार को हुई। इसमें 24 फरवरी को कांठ रोड स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक परिसर में आयोजित होने वाले वृहद रोजगार मेले की तैयारियों की समीक्षा की।



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद अधिकारी व प्रतिनिधि। • अमृत विचार

- **24 फरवरी को होने वाले रोजगार मेले की तैयारियों को लेकर डीएम ने की समीक्षा**

जिलाधिकारी ने सहायक निदेशक सेवायोजन रत्नेश चंद्र को निर्देश दिया कि सेवायोजन पोर्टल पर इच्छुक अभ्यर्थियों के पंजीकरण को बढ़ाया जाए। रोजगार मेले में शामिल होने वाले अभ्यार्थियों की सुविधा के लिए कार्यक्रम स्थल पर पंजीकरण सहित अन्य जरूरी सुविधा भी उपलब्ध कराएं। करियर काउंसलिंग के माध्यम से अभ्यर्थियों को उनकी रुचि के अनुरूप कंपनियों में रोजगार प्राप्त करने में मदद मिलेगी। डीएम ने तकनीकी संस्थानों के विशेषज्ञों की मदद लेने का भी सहायक निदेशक सेवायोजन को निर्देश दिया। बताया कि रोजगार मेले में एक हजार से अधिक अभ्यर्थियों को कंपनियों में रोजगार दिलाने का लक्ष्य है। सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### मेले में स्थानीय के अलावा बाहर की कंपनि आएंगी

मेले में जिले की विमल ट्रांसफार्मर कॉरपोरेशन, फाइबर कंपोजिट, पशुपति एक्रेलोंन लिमिटेड, रिवाइवल इंडस्ट्री, इंडिया इंटरनेशनल लिगसी, वजीर चंद एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट, एलआईसी मुरादाबाद, डिजाइनको प्राइवेट लिमिटेड, एसी ब्रदर्स, स्तलवार्ट डिजाइन, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड और कॉसमॉस हॉस्पिटल शामिल हैं। इसके अलावा देश की अन्य प्रतिष्ठित कंपनियों में जेके फूड एंड ग्रुप, एल&टी कंस्ट्रक्शन स्किल्स, महिंद्रा स्वराज, टाटा मोटर्स, अशोक लीलैंड, गुडलक इंडिया लिमिटेड, न्यू हॉलैंड, किर्लोस्कर फेरर्स, डाइकिन एसी, एसवीपीवीएल इंडिया लिमिटेड, बीपीएल मोबाइल कंपनी और ओप्पो मोबाइल इंडिया आदि है।

---

## सहकारी समितियों की संख्या 69 पहुंची, 11 नई बनीं, 6 को लाइसेंस

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिले में अब सहकारी समितियों की संख्या बढ़कर 69 हो गई है। पहले 58 समितियां संचालित थीं, जिनमें 11 नई समितियां बढ़ गई हैं।

सहायक उपनिंबधक सहकारी समिति अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले साल नवंबर में भारत सरकार के आदेश पर जिले को 6 समितियां बढ़ाने का लक्ष्य मिला था, लेकिन लक्ष्य से अतिरिक्त 5 समितियां बनाकर कुल 11 हो गईं। इनमें से 6 समितियों को लाइसेंस मिल चुका है, हालांकि समितियों द्वारा इफको को मार्जिन मनी जमा न होने से अभी खाद वितरण का काम शुरू नहीं हो सका ।शेष 5 समितियों की लाइसेंस प्रक्रिया बाकी है। सरकार की ओर से लाइसेंस प्राप्त समितियों को 2 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। जिसमें एक लाख फर्नीचर के लिए और एक लाख सहकारिता विभाग की ओर से दिए जाएंगे। इससे किसानों को खाद व बीज वितरण में आसानी होगी। लाइसेंस प्रक्रिया में मलकपुर बहलोल ब्लॉक डिलारी, नाहरवाला ब्लॉक ठाकुरद्वारा, शरीफ नगर ब्लॉक ठाकुरद्वारा, दुल्हापुर पट्टी ब्लॉक ठाकुरद्वारा, हारदलपुर ब्लॉक मुरादाबाद प्रक्रिया में शामिल है।

### लाइसेंस प्राप्त करने वाली समिति

1- रामनगर गंगापुर ब्लॉक बिलारी।
2- फतेहपुर खास कुंदरकी ब्लॉक।
3- सहसपुर ब्लॉक बिलारी।
4- जेबड़ा ब्लॉक छजलैट।
5-शेरवा धर्मपुरब्लॉक मुरादाबाद।
6-खाई खेड़ा ब्लॉक ठाकुरद्वारा।

## ब्रीफ न्यूज

### चार छात्र जेल से देंगे यूपी बोर्ड की परीक्षा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा की पहली परीक्षा 18 फरवरी को है। जिसके जिला कारागार में बंद चार छात्रों ने परीक्षा का तैयारी जेल में रहकर की और बरेली सेंट्रल जेल में परीक्षा देने के लिए 18 मार्च तक रहेंगे। मंगलवार को जेल सुप्रिंटेंडेंट आलोक कुमार ने बताया कि जिला कारागार में बंद चार छात्रों की यूपी बोर्ड की परीक्षा शुरू हो गई। जिसमें एक हाई स्कूल और तीन 12 वीं कक्षा की परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने बताया जेल में बंद छात्रों की परीक्षा की व्यवस्था बरेली सेंट्रल जेल में की गई है। चारों को 16 फरवरी को ही बरेली सेंट्रल जेल के लिए ट्रांसफर कर दिया गया था। जो अब परीक्षा समाप्त होने के बाद ही मुरादाबाद आएंगे।

### प्रोटोन एजुकेशन के विद्यार्थी हुए सफल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रोटोन एजुकेशन के विद्यार्थियों ने जेईई मेन की परीक्षा में सफलता हासिल की है। एकलव्य सैनी ने 97 .21 पर्सेंटाइल प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। वहीं, प्रियम सिंह ने 92 .46, अर्श कुमार ने 90 .23, अदिति गुप्ता ने 86 .48 और जय प्रकाश ने 65 .11 पर्सेंटाइल हासिल की। इसके अलावा भी कई विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। संस्थान के निदेशक आरपी राठौर ने कहा कि यह विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत व शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है।

### रमजान व होली में मिले पर्याप्त बिजली, पानी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता शकील सरवर हाशमी व कांग्रेस सोशल मीडिया के मोहसिन खान ने रमजान व होली पर मूलभूत व्यवस्थाएं ठीक कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस दौरान भरपूर बिजली, पानी के साथ ही सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए।

### ज्योतिर्लिंगों के नाम जाप से मिट जाते हैं पाप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पीतलबस्ती के प्राचीन शिव मंदिर में चल रही शिवमहापुराण के अंतिम दिन मंगलवार को कथाव्यास पुजारी महेंद्र शास्त्री ने कहा कि तीनों संध्या में द्वादश ज्योतिर्लिंगों का सिर्फ नाम जप करने से सभी पाप मिट जाते हैं। बताया कि प्रत्येक ज्योतिर्लिंग को किस देवता ने तपस्या कर स्थापित किया। इस मौके पर हर स्वरूप, चंद्रभान सैनी, पंडित विनोद शर्मा, श्याम कृष्ण रस्तौगी, शिव कुमार, रविंद्र, डॉ. संजीव प्रजापति, जगदीश, गणेश, मनोज, चंद्रपाल, हरिओम आदि मौजूद रहे।

### बुधवार या जुमेरात की रात चांद दिखने की उम्मीद, खजूर, कपड़ों व इबादत की वस्तुओं की खरीदारी तेज

# रमजान: चांद के दीदार का इंतजार, बाजारों में चहल-पहल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


रमजान को लेकर तहसील स्कूल पर खजला बनाता दुकानदार।

**अमृत विचार :** रमजान माह की शुरुआत को लेकर रोजेदार तैयारी में जुट गए हैं। मस्जिदों में जहां तैयारी की जा रही है वहीं बाजार में इसके लिए खरीदारी बढ़ गई है। शहर इमाम हकीम सैयद मासूम अली आजाद ने बताया कि बुधवार को चांद दिखने की उम्मीद है। यदि बुधवार की शाम चांद नजर आ जाता है तो जुमेरात को पहला रोजा रखा जाएगा। वहीं, अगर जुमेरात की रात चांद दिखाई देता है तो शुक्रवार को पहला रोजा रखा जाएगा। चांद के दीदार के बाद औपचारिक रूप से रमजान की शुरुआत का ऐलान किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि रमजान इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र महीना माना जाता है, जिसमें रोजेदार सुबह सहरी के समय भोजन करने के बाद दिनभर रोजा रखते हैं और शाम को इफ्तार के साथ रोजा खोलते हैं। इस महीने में इबादत, तिलावत-ए-कुरान, तरावीह की नमाज और जरूरतमंदों को दान का विशेष महत्व होता है। मस्जिदों में साफ-सफाई और रोशनी की विशेष व्यवस्था की जा रही है, ताकि नमाजियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इधर, बाजारों में भी रमजान की तैयारियों को लेकर भीड़ बढ़ गई है। लोग खजूर, सेवइयां, फलों और इफ्तार से जुड़ी अन्य खाद्य सामग्री की खरीदारी में जुटे हैं। कपड़े, टोपी, इत्र और नमाज से संबंधित सामान की दुकानों पर भी आवाजाही बढ़ी है। व्यापारियों का कहना है कि रमजान के चलते बिक्री में तेजी आई है।

## सस्ते खजूर महंगे ब्रांड के डिब्बों में पैक कर बेच रहे कारोबारी


मंडी समिति परिसर में डिब्बे पैक करते बच्चे। ● अमृत विचार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रमजान के पवित्र महीने में खजूर की मांग बढ़ रही है लेकिन फल-सब्जी मंडी के थोक विक्रेता सस्ती खजूर ब्रांडेड डिब्बों में पैक कर बाजारों में सप्लाई कर रहे है। थोक मंडी के आढ़तियों के अनुसार, जिले में हर महीने करोड़ों रुपये का खजूर का कारोबार होता है ।मंगलवार को नवीन फल सब्जी मंडी में फल मंडी के मैदान में खजूर को एक डिब्बे से निकाल दूसरे डिब्बे पैक करने का काम महिलाएं और बच्चे करते दिखे। सस्ती लोकल खजूर को नामी ब्रांड जैसे मक्का या मदीना के स्टीकर चिपका कर प्लास्टिक के आकर्षक डिब्बों में पैकिंग की जा रही है। हदखोदा मजाफती खजूर से किमिया डेट्स के आधा किलो के डिब्बे और मरियम मजाफती बाम खजूर की पैकिंग खोलकर किमिया गोल्ड के डिब्बों में पैक हो रही थी। पैकिंग कर रही महिलाओं व बच्चों ने खजूर विक्रेता का नाम बताने से इंकार कर दिया। ग्राहकों को चूना लगाकर थोक व्यापारी लाखों कमाने में लगे हैं। लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सस्ती खजूर 200-300 रुपये किलो बिकती है, लेकिन ब्रांडेड पैकिंग के बाद 800-1000 तक बेची जा रही है। मरियम नाम से बिकने वाले खजूर के थोक के दाम 20 से 30 रुपये है जो कि 150 से 200 रुपये की बिकने वाली किमिया गोल्ड के नाम को स्टीकर काले डिब्बे पर लगा कर फुटकर विक्रेताओं को बड़े पैमाने पर सप्लाई हो रही है।

> इस तरह की कोई शिकायत नहीं मिली है। अगर मंडी में पैकिंग बदल कर नामी और महंगे ब्रांड के स्टीकर लगाकर पैकिंग की जा रही है तो यह गलत है। इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी। **-संजीव कुमार**, मंडी सचिव

## करों की वसूली में तेजी लाएं अधिकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** डीएम अनुज सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने आबकारी, आयकर, परिवहन, स्टांप, नलकूप, खनन, मण्डी, बाटमाप, परिवहन निगम आदि की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

डीएम ने स्टांप, आबकारी, परिवहन एवं आयकर को राजस्व कलक्शन पर ध्यान देने का निर्देश दिया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन संगीता गौतम, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक जितेन्द्र पाल के अलावा सभी तहसीलों के उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, एआईजी स्टाम्प, जिला आबकारी अधिकारी, बंदोवस्त अधिकारी चकबंदी, डीसी जीएसटी, मण्डी सचिव आदि मौजूद रहे।

# गणित का आसान प्रश्नपत्र देख खिले चेहरे

### जिले में 18 केंद्रों पर हुई सीबीएसई 10वीं व 12वीं की परीक्षा, 10वीं में 29 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

- 10वीं के विद्यार्थियों ने गणित तो इंटर के छात्र-छात्राओं ने दी एंटरप्रेन्योरशिप विषय की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


सेंट मैरी स्कूल में परीक्षा देने के बाद निकलतीं छात्राएं। ● अमृत विचार


हाई स्कूल की परीक्षा देने के बाद परीक्षा केंद्र के बाहर आते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सीबीएसई की 10वीं और 12वीं कक्षाओं की परीक्षाएं मंगलवार से 18 केंद्रों पर शुरू हुईं। पहले दिन पहली पाली में 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों की गणित विषय की परीक्षा हुई, जबकि 12वीं में एंटरप्रेन्योरशिप विषय की परीक्षा कराई गई।

जिले में सीबीएसई की परीक्षा में 10वीं कक्षा में कुल 5267 विद्यार्थी पंजीकृत रहे। इसमें 5238 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 29 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के साथ ही अनुशासन रखा गया। निर्धारित समय से पहले ही विद्यार्थी केंद्रों पर पहुंच गए थे। जांच के बाद ही परीक्षा कक्ष में बैठाया गया। परीक्षा देकर बाहर आए विद्यार्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र उम्मीद से अधिक सरल और एनसीईआरटी आधारित था। छात्रों के अनुसार लीनियर इक्वेशन, ट्रिग्नोमेट्री और स्टेटिस्टिक्स से अच्छे और सीधे प्रश्न पूछे गए थे, जिन्हें हल करने में ज्यादा कठिनाई नहीं हुई। पेपर का स्तर संतुलित रहा और समय प्रबंधन भी आसान रहा। उधर, 12वीं कक्षा के एंटरप्रेन्योरशिप विषय में जिले में कुल 26 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। यह परीक्षा आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल और शिरडी साईं पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई।

आर्यंस में सात और शिरडी साईं पब्लिक स्कूल में 19 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इस विषय में कोई भी विद्यार्थी अनुपस्थित नहीं रहा। सिटी कॉर्डिनेटर शशि शर्मा ने बताया कि शिक्षकों ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पहले दिन परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से निपटीं।

### छात्र-छात्राओं की प्रतिक्रिया


लीनियर इक्वेशन और ट्रिग्नोमेट्री से सीधे सवाल आए थे। तैयारी के अनुसार पेपर हल करना आसान रहा। **-शौर्य रस्तोगी**, छात्र


स्टेटिस्टिक्स के प्रश्न काफी सरल थे। सैंपल पेपर की तरह ही पैटर्न रहा, जिससे पूरा पेपर समय पर हल हो गया। **-हर्षित अग्रवाल, छात्र**


मैथ्स को लेकर शुरू में घबराहट थी, लेकिन पेपर देखकर आत्मविश्वास बढ़ गया। सभी सेक्शन संतुलित थे। **-अविका सिंह, छात्रा**

लॉन्ग आंसर वाले प्रश्न भी ज्यादा कठिन नहीं थे। रिवीजन अच्छे से किया था, उसका फायदा मिला। **-गौरी सोमवंशी, छात्रा**

## जेईई (मेन) में स्कॉलर्स डेन के 17 छात्रों के 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जेईई (मेन) 2026 के परिणामों में स्कॉलर्स डेन के 17 छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। सर्वश्रेष्ठ परिणाम सिद्धांत गोयल का रहा, जिन्होंने 99.92 पर्सेंटाइल प्राप्त किए हैं।

उनके अतिरिक्त युवल गुप्ता 99.87, सार्थक अग्रवाल 99.74, प्रखर गुप्ता 99.74, भूमिका सक्सेना 99.70, दक्ष गुप्ता 99.65, सौम्य प्रताप सिंह 99.51, अनंत अग्रवाल 99.49, दर्श अग्रवाल 99.45, मानव प्रताप सिंह 99.39, प्रज्ञान ढिल्लो 99.37, आरव सिंह 99.36, चित्रांश विजय 99.36, सृजन यादव 99.33, कनिका सक्सेना 99.20, अथर्व चौहान 99.09, सौरिश अग्रवाल 99.05 और कनिका सक्सेना ने 99.02 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त 37 विद्यार्थियों ने 98 पर्सेंटाइल से अधिक, 46 विद्यार्थियों ने 97 पर्सेंटाइल से अधिक, 60 विद्यार्थियों ने 95 पर्सेंटाइल से अधिक और 52 विद्यार्थियों ने 92 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

119 से अधिक छात्र जेईई (एडवांस्ड) के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। हालांकि, अंतिम संख्या एनटीए द्वारा आधिकारिक कटऑफ जारी होने के बाद ही स्पष्ट होगी। स्कॉलर्स डेन के प्रबंध निदेशक विवेक ठाकुर एवं अकादमिक निदेशिका अंजलि ठाकुर ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।


शिक्षकों के साथ सफल विद्यार्थी। ● अमृत विचार

## परीक्षा से डरें नहीं, आत्मविश्वास ही विद्यार्थियों की असली ताकत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


रीना तोमर।


परवेंद्र कुमार।

**अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षा का नाम सुनते ही विद्यार्थियों के मन में सफलता और असफलता का डर घर कर जाता है। यही डर कई बार उनकी अच्छी तैयारी पर भी भारी पड़ जाता है और परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं आ पाता। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि विद्यार्थी परीक्षा के दौरान मानसिक संतुलन बनाए रखें और उत्तर लेखन की सही रणनीति अपनाएं तो बेहतर प्रदर्शन संभव है। कई बार छात्र जल्दबाजी में प्रश्नों की संख्या, या शब्द सीमा पर ध्यान नहीं देते, जिससे अंक कट सकते हैं।

मनोविज्ञानी रीना तोमर का कहना है कि बोर्ड परीक्षा को जीवन-मरण का प्रश्न बना लेना मानसिक दबाव को बढ़ा देता है। परीक्षा के दौरान गहरी सांस लेने, सकारात्मक आत्मसंवाद और ध्यान केंद्रित करने की छोटी-छोटी तकनीकें तनाव को काफी हद तक कम कर सकती हैं। अभिभावकों को भी चाहिए कि वे बच्चों पर अनावश्यक अपेक्षाओं का बोझ न डालें, बल्कि उनका मनोबल बढ़ाएं।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य परवेंद्र कुमार कहना है कि बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक केवल विषय ज्ञान से नहीं, बल्कि उत्तर लिखने की शैली, समय प्रबंधन और अनुशासन से भी प्राप्त होते हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे प्रश्नपत्र के निर्देश ध्यानपूर्वक पढ़ें, निर्धारित शब्द सीमा का पालन करें और उत्तर साफ-सुथरी लिखावट में लिखें। पहले सरल प्रश्न हल करने से आत्मविश्वास बढ़ता है और कठिन प्रश्नों को समझने का समय मिल जाता है।

## मेडिकल छात्राओं को क्रिकेट, टीटी में गोल्ड

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


ट्रॉफी के साथ प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की इंटरकॉलिजिएट चैंपियनशिप में मेडिकल कॉलेज की छात्राओं ने दो गोल्ड मेडल जीता। महिला क्रिकेट के साथ ही टेबल टेनिस की चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। पुरुष वर्ग की टेबिल टेनिस प्रतियोगिता में मैनेजमेंट कॉलेज ने स्वर्ण पदक जीता।

मेडिकल कॉलेज व सीसीएसआईटी के फाइनल मुकाबले में मेडिकल की वैष्णवी सचिन कटारिया ने सर्वाधिक 21 गेंदों में 36 रन बनाए जिसमें 4 चौके और 2 छक्के शामिल थे। मेडिकल की वैष्णवी सचिन कटारिया को वुमैन ऑफ द मैच चुना गया। टेबिल टेनिस में मेडिकल कॉलेज की सलोनी जैन ने नर्सिंग कॉलेज की श्रेया को 3-0 सेट से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। फिजिकल एजुकेशन ने तीसरे स्थान के लिए फाइन आर्ट्स को 12 रनों से हराया। पुरुष वर्ग टेबल टेनिस का फाइनल मुकाबला मेडिकल और मैनेजमेंट कॉलेज के बीच हुआ। मैनेजमेंट कॉलेज के आरुष टंडन ने मेडिकल कॉलेज के दक्ष को 3-0 सेट से मात देकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मेडिकल कॉलेज के दक्ष रजत पदक विजेता रहे। मुख्य अतिथि एसोसिएट डीन पीएचडी सेल डॉ. ज्योति पुरी और फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा, फैकल्टी तौहिद अख्तर, रिसर्च स्कॉलर चन्द्रशेखर आदि ने विजेता और उपविजेताओं टीमों को मेडल देकर सम्मानित किया।

- टीएमयू में खेल प्रतियोगिताएं

फाइनल मुकाबले में मेडिकल कॉलेज ने सीसीएसआईटी कॉलेज को 9 विकेट से मात देकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। महिला वर्ग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का फाइनल मैच मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज के बीच हुआ।

मेडिकल कॉलेज ने टॉस जीतकर सर्व को चुना। प्रथम सेट में मेडिकल की सलोनी जैन 11-5, दूसरे सेट में 11-9 और तीसरे सेट में 11-8 प्वाइंट्स आगे रहीं। नर्सिंग कॉलेज की श्रेया रजत पुरस्कार विजेता रहीं।

## सिटी डायरी



### अनुज प्रथम, आर्यन दूसरे व ऋतिक तीसरे स्थान पर रहे

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** पूर्व माध्यमिक विद्यालय ग्राम पंचायत मनोहरपुर में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत पोस्टर और क्विज प्रतियोगिता कराई गई। डायरिया के प्रति जागरुकता के लिए नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। प्रतियोगिता में 57 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें कक्षा-छह के अनुज पहले, कक्षा-छह के आर्यन दूसरे और कक्षा -आठ के ऋतिक तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा-आठ की अंशिका को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता का आयोजन पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने क्विज और पोस्टर के जरिए डायरिया से बचाव के जरूरी सन्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सृष्टि ने कहा कि शौच और बच्चों का मल साफ़ करने के बाद, भोजन बनाने और खिलाने से पहले हाथों को साबुन-पानी से अच्छी तरह अवश्य धुलें। बच्चों को सारे टीके लगवाएं। इस दौरान प्रधान प्रेम सिंह सोनी, प्रधानाध्यापिका सुरेखा सागर, रेखा, महेन्द्री, गुंजन, चंपा, मीना, मो. रिजवान, ममता सैनी आदि उपस्थित रहे।



### रोटरी क्लब मुरादाबाद साउथ का चार्टर डे मना

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** रोटरी क्लब मुरादाबाद साउथ द्वारा मंगलवार को दिल्ली रोड स्थित एक होटल में क्लब का चार्टर डे स्थापना दिवस मनाया गया। क्लब के पूर्व अध्यक्षों एवं चार्टर सदस्यों को सम्मानित किया गया। साथ ही रोटरी इंटरनेशनल निदेशक के चुनाव में वासुदेव गोलियान की जीत पर भी जश्न मनाया। मुख्य अतिथि पीडीजी संजीव रस्तोगी ने कहा कि रोटरी व्यापारियों, पेशेवरों और नौकरीपेशा लोगों को एक मंच प्रदान करती है, जिसका उद्देश्य मानवीय सेवा के साथ सभी व्यवसायों में उच्च नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना तथा विश्व में शांति और सद्भाव स्थापित करना है। आगामी एलजी अनिल प्रकाश बंसल ने कहा कि रोटरी ही ऐसी संस्था है जो नैतिक मूल्यों और आचरण पर विशेष बल देती है। डॉ. पल्लव अग्रवाल ने बताया कि क्लब समाज में नैतिकता का पालन करने वाले कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तियों को सम्मानित कर दूसरों को प्रेरित करता है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष बबीता रस्तोगी, राजीव अग्रवाल, तृप्ति जैमिनी, देवेंद्र शर्मा और मनोज कुमार रस्तोगी को सम्मानित किया गया। संचालन चारू अग्रवाल ने किया, जबकि सचिव देवेंद्र शर्मा ने प्रगति आख्या प्रस्तुत की।



### प्रशिक्षण तराशने की प्रक्रिया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत मंगलवार को बुद्धि विहार स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल की अध्यक्षता में कार्यशाला हुई। इसकी शुरुआत दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर की गई। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी राजेश यादव ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को तराशने की प्रक्रिया है जो सीखता है वह बढ़ता है। व्यक्ति निर्माण से ही संगठन का निर्माण होता है। यह अभियान कार्यकर्ताओं को विचार व्यवहार और नेतृत्व तीनों स्तरों पर समृद्ध करेगा। जिला प्रभारी ने कहा कि संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता जब विचार से दृढ़ और व्यवहार से विनम्र होगा तभी भाजपा की शक्ति समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगी। संचालन प्रशिक्षण अभियान सहसंयोजक व जिला महामंत्री कमल प्रजापति ने किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर राकेश सिंह, सहकारी बैंक के चेयरमैन चौधरी विजयभान सिंह, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, जिला महामंत्री चंद्रपाल सैनी, हर ज्ञान सिंह, आदेश चौधरी, अरुण पंडित, देवराज सिंह जाटव, जिला मंत्री चकित चौधरी, हुकुम सिंह, आचार्य नरेंद्र आदि मौजूद रहे।



### 22 को लगेगा मंडल स्तरीय मेला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत पशुपालन विभाग द्वारा 22 फरवरी को मंडल स्तरीय वृहद पशु आरोग्य शिविर एवं मेला सेंट एंथनी स्कूल, ग्राम बूजपुर मान, विकासखंड मूंढापांडे में आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मेला लगने वाले स्थान का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सुनील दत्त प्रजापति ने बताया कि मंडल स्तरीय शिविर का आयोजन मूंढापांडे ब्लॉक में किया जाएगा। जिसमें भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान बरेली तथा सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि, मेरठ के पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय के विशेषज्ञों के साथ पशुपालन विभाग के डॉक्टर अत्याधुनिक उपकरणों से पशुओं का नि:शुल्क उपचार करेंगे। मंडल के पांचों जिलों से पशु लाए जाएंगे। सामान्य चिकित्सा अलावा, कृमिनाशक दवा, लघु शल्य चिकित्सा, गर्भ परीक्षण, बांझपन उपचार, कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण, टीकाकरण, पशुधन बीमा सहित अन्य विभागीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। विभाग ने समस्त पशुपालकों से अपील की है कि वह पशुओं का पंजीकरण निर्धारित तिथि से पूर्व अवश्य करा लें।

# यूपी बोर्ड परीक्षा आज से, हर केंद्र पर कड़ी चौकसी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


सीटों पर नेम स्लिप चिपकाते शिक्षक।

**अमृत विचार :** जिले में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी बुधवार से शुरू होंगी। इसे शांतिपूर्ण, पारदर्शी और नकलविहीन कराने के लिए शिक्षा विभाग ने तैयारियां कर ली हैं। जिले में 112 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी रहेगी।

नकल और अन्य अनुचित गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए तीन सचल दल गठित किए हैं। पहले सचल दल की जिम्मेदारी संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल मनोज कुमार द्विवेदी को सौंपी गई है। दूसरे सचल दल के प्रभारी प्रीतम सिंह बनाए गए हैं, जबकि तीसरे दल की कमान एडी बेसिक बुद्धप्रिय सिंह को दी गई है। ये सभी सचल दल परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। हाईस्कूल (कक्षा 10) की परीक्षा में जिले से कुल 39,559 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इनमें 19,583 छात्राएं और 19,976 छात्र शामिल हैं। वहीं इंटर की परीक्षा में 36,199 विद्यार्थी शामिल होंगे, जिनमें 17,532 छात्राएं और 18,667 छात्र पंजीकृत हैं। इस तरह दोनों कक्षाओं को मिलाकर कुल 75,758 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में हिस्सा लेंगे। परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक एवं बाहरी केंद्राध्यक्षों की तैनाती की गई है, ताकि परीक्षा प्रक्रिया निष्पक्ष रूप से संचालित हो सके। प्रश्नपत्रों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए स्ट्रांग रूम की व्यवस्था की गई है और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रश्नपत्र वितरण से लेकर परीक्षा समाप्ति तक हर चरण पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराना विभाग की प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही या नकल की शिकायत सामने आती है, तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- जिले में बनाए गए हैं 112 केंद्र तीन सचल दल करेंगे निरीक्षण

### देर रात तक बना सिटिंग प्लान

बोर्ड परीक्षा शुरू होने से एक दिन पूर्व मंगलवार को सभी परीक्षा केंद्रों पर देर रात तक तैयारियां चलती रहीं। केंद्र व्यवस्थापकों और शिक्षकों ने कक्षवार सिटिंग प्लान तैयार कर कक्षों में रोल नंबर के अनुसार बैठने की व्यवस्था की। प्रत्येक कक्ष में परीक्षार्थियों की सूची चस्पा की गई। कंट्रोल रूम से भी सभी 112 परीक्षा केंद्रों के सीसीटीवी कैमरों का जायजा लिया गया। डीआईओएस ने निर्देश दिए कि परीक्षा अवधि के दौरान सीसीटीवी संचालित रखें और किसी भी तकनीकी समस्या की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम को दी जाए।

## स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विजय कुमार यादव ने बताया कि दिव्यांगजन के सर्वांगीण पुनर्वास के लिए स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता योजना के तहत 2025-26 वित्तीय वर्ष के लिए अनुदान के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। 21 प्रकार की दिव्यांगताओं (मानसिक मंदित एवं रुग्ण को छोड़कर) के लिए 7 परियोजनाओं अर्ली इंटरवेंशन सेंटर, डे केयर, प्री-प्राइमरी से हाईस्कूल तक विशेष विद्यालय, कौशल विकास, पाठ्य सामग्री व पुस्तकालय पर अनुदान मिलेगा।पात्र स्वैच्छिक संगठन दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के तहत पंजीकृत हों, संबंधित क्षेत्र में अनुभव रखें। आवेदन विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड कर दो प्रतियों में 23 फरवरी तक जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा कर दें।

# समाज से संगठित रहने का आह्वान

## आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर हिंदू सम्मेलन आयोजित, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए




ठाकुरद्वारा के गांव पसियापुर पदार्थ में आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर आयोजित हिंदू सम्मेलन में साध्वी प्राची व मौजूद लोग। ● अमृत विचार

सवाददाता,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मंगलवार को पसियापुर पदार्थ में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शंकर भगवान का तांडव नृत्य प्रस्तुत किया व सरस्वती विद्या मंदिर ठाकुरद्वारा की छात्रा निकिता सिंह ने नारी सम्मान के ऊपर विस्तार से प्रस्तुति दी।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए हिंदू रक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल कृष्ण महाराज ने कहा कि हम सभी धर्म का सम्मान करते हैं लेकिन यदि हमारे धर्म पर कोई हाथ डालेगा

**● हिंदू रक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले, लव जिहाद से सावधान रहने की जरूरत**

तो हम उसका मुंह तोड़ जवाब देंगे। बेटियों को लव जिहाद में फंसा कर धर्म परिवर्तन करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि यदि हमें धर्म की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने की आवश्यकता होगी तो हम वह भी करेंगे। हिंदू व सनातन धर्म को कोई भी धर्म समाप्त नहीं कर सकता। उन्होंने उपस्थित लोगों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा में जाने का आग्रह किया। युवाओं से आग्रह किया कि यदि दूसरे धर्म की लड़की से शादी करोगे तो 5 लाख का इनाम दूंगा।

साध्वी प्राची ने समाज से एकता एवं संगठित रहने का आह्वान किया। जिहादियों के हमले का मुंह तोड़ जवाब दें। आग्रह किया कि संघ के लगभग 42 अनुषांगिक संगठन विभिन्न क्षेत्र में कार्य कर रहे है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय ग्राम विकास संयोजक राजकुमार ने संघ की 100 वर्ष की यात्रा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिक्षा क्षेत्र में भारतवर्ष में सरस्वती शिशु मंदिर व विद्या मंदिर बच्चों को संस्कृति, संस्कार, देशभक्ति की शिक्षा देते हैं। महंत बच्चा बाबा ने कहा कि पृथ्वीराज चौहान की 900 वर्ष पूर्व मोहम्मद गौरी व जय चंद गद्दार जैसे जिहादी ने उनकी जान ले ली थी। मुसलमानों द्वारा लव जिहाद, लैंड जिहाद व मेडिकल जिहाद आदि से सावधान रहना चाहिए। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, अमित कुमार चौहान, अजय प्रताप सिंह, वीर सिंह सैनी, गौरव चौहान, कमलेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार पाल, मनोज कुमार चौहान, मुकेश चौधरी, मुदित अग्रवाल, शिवांशु, सुनील कुमार पूठीया, दिनेश कुमार प्रजापति, डॉ. दिनेश कुमार सिंह, छुट्टन सिंह, राजेश सिंह, विपुल अग्रवाल, उदयवीर सिंह, संजीव कुमार चौहान सहित सैंकड़ो कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## ब्रीफ न्यूज

### भूमि विवाद में मारपीट में दो लोग गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** खेती की जमीन के विवाद को लेकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के दो लोगों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। थाना कांठ के ग्राम रुस्तमपुर निवासी मोहम्मद इरफान पुत्र मोहम्मद यूनुस एवं थाना छजलैट के ग्राम चोहरा रसूलपुर निवासी मुकम्मल पुत्र मुन्ने खा में खेती की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इरफान पक्ष ने अपनी कुर्रे बंदी कराई थी और मुकम्मल पक्ष उस जमीन को छोड़ने को तैयार नहीं है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में मुकदमे बाजी भी चली। विवाद को लेकर मंगलवार को दोनों में पहले गाली गलौज हुई और इसके बाद मारपीट होने लगी। पुलिस ने एक पक्ष के मुकम्मल तथा दूसरे पक्ष के इरफान को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया है।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध

**कांठ, अमृत विचार :** पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय कांठ में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और लघु नाटक प्रस्तुत कर सभी उपस्थित अतिथियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. ए.के. जिंदल एवं डॉ. राजकुमार ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं पढ़ाई के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी ग्रहण करें और शिक्षित होकर अपने माता-पिता, क्षेत्र, समाज और देश का नाम रोशन करें। प्रधानाध्यापक उदयवीर सिंह चौहान, वरिष्ठ शिक्षिका वंदना बिश्नोई, नीरू रस्तोगी, वंदना शर्मा, पारुल जैन, सोनी, देवेश कुमार, कविता रानी, राखी बिश्नोई एवं अनुदेशक उपस्थित रहे। इस दौरान प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तथा कक्षा में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं व अतिथियों एवं अन्य विशिष्ट जनों को सम्मानित किया गया।

### संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें

**भोजपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में जनजागरुकता कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं उपस्थित ग्रामीणों को पुलिस कार्यपद्धति, महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा व महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों, साइबर अपराधों से बचाव के उपायों तथा आपात स्थिति में हेल्पलाइन सेवाओं के प्रभावी उपयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने आमजन से डिजिटल प्लेटफॉर्म का सुरक्षित उपयोग करने एवं किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही।

## बिना एनओसी संचालन व अन्य कमियों पर बंद कराया ईंट भट्ठा

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** प्रदूषण विभाग के अनापत्ति प्रमाण पत्र न लेने एवं अन्य खामियां पाए जाने पर तहसील प्रशासन, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने ईंट भट्ठे में फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी की बौछार कर कच्ची ईंटों को नष्ट कर दिया।

ग्राम सिकंदराबाद के पास एमएस विआईपी ब्रिक वर्क्स ईंट भट्ठे पर मंगलवार को तहसीलदार कांठ राजकुमार सिंह, नायब तहसीलदार योगेश कुमार शर्मा, पुलिस प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीम के साथ पहुंचे। वहां बिना प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं अन्य खामियां मिलीं। मानक पूरे ना होने पर पुलिस प्रशासन और ब्रिगेड की टीम ने कच्ची ईंटों पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी से पानी चलवा कर नष्ट कर दिया। इसके अलावा भट्टे की चिमनी की तरफ भी बौछार कर दी और पूरी तरह भट्ठे को बंद कर दिया। डीएम के निर्देश पर हुई कार्रवाई से अन्य अवैध रूप से ईंट भट्ठे चलाने वालों में हड़कंप मच गया है।



ईंटों पर पानी की बौछार डलवाती टीम।

## कांठ विधायक ने विधानसभा में उठाए वक्फ संपत्ति समेत कई मुद्दे

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर ने विधानसभा में वक्फ संपत्तियों पर हो रहे कब्जों, बढ़ती नौकरशाही, नगर पंचायतों व नगर पालिकाओं में जन्म प्रमाण पत्र जारी करने में हो रही देरी जैसे गंभीर विषयों को उठाया।

वक्फ पर उन्होंने कहा कि वक्फ संपत्तियां अल्पसंख्यक समाज की अमानत हैं और उनके संरक्षण, पारदर्शिता व सुव्यवस्थित प्रबंधन की जिम्मेदारी सरकार की है। आरोप लगाया कि बढ़ते अवैध कब्जों और प्रशासनिक लापरवाही के कारण समाज को नुकसान हो रहा है। उन्होंने मांग की कि वक्फ संपत्तियों का डिजिटल सर्वे करा पारदर्शी रिकॉर्ड तैयार किए जाएं। कहा कि उम्मीद पोर्टल पर अब तक लगभग 50 प्रतिशत वक्फ संपत्तियां ही दर्ज हो पाई हैं।

प्रदेश में बेलगाम होती नौकरशाही पर कहा कि सत्ता पक्ष के विधायक और मंत्री भी अधिकारियों के सामने बेबस नजर आ रहे हैं। जनप्रतिनिधियों को अपने ही क्षेत्रों के विकास कार्यों के लिए बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। कई स्थानों पर परिवार रजिस्टर उपलब्ध नहीं कराए जा रहे और हजारों आवेदन लंबित हैं, जबकि एसआईआर के लिए जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य है। कुछ क्षेत्रों में परिवार रजिस्टर की नकल तक नहीं दी जा रही। कांठ के बीएलओ सर्वेश की आत्महत्या का उल्लेख किया।

## ट्रक के नीचे आई बाइक, युवक गंभीर घायल

**कांठ, अमृत विचार:** नवादा फाटक पर कांठ की तरफ से जा रहा बाइक सवार अचानक फिसल कर ट्रक के नीचे आ गया एवं बाइक चकनाचूर हो गई। दुर्घटना में बाइक चालक घायल हो गया।

ठाकुरद्वारा निवासी आकाश चौहान पुत्र संदीप चौहान मंगलवार को दिन में लगभग 3:00 बजे ठाकुरद्वारा से बाइक द्वारा सिकंदराबाद गांव में बहन को छोड़ने जा रहा था। नवादा के फाटक संख्या 432 बी पर बाइक फिसल कर ट्रक के नीचे चली गई। जिससे भाई बहन को मामूली चोटें आई। राहगीरों के शोर मचाने पर बाइक सवार को खींचकर ट्रक के नीचे से बाहर निकाल लिया और थाने ले गए, जिसके बाद घायल का उपचार कराया गया। ट्रक चालक और बाइक सवार में समझौता हो गया।

## सद्भाव के साथ मनाएं होली व रमजान

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** रमजान और होली पर्व को देखते हुए कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने त्योहारों से संबंधित समस्याएं और सुझाव पूछे, दोनों समुदायों से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की।

मंगलवार को आयोजित बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने कहा कि सभी लोग संवैधानिक दायरे में रहकर अपने पर्व मनाएं और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। कोई भी नई परंपरा शुरू न की जाए, जुलूस निर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएं तथा ऐसे गीत न बजाए जाएं, जिससे दूसरों की भावनाएं आहत हों।

कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने नई परंपरा शुरू न करने की अपील की। बैठक में ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद रफी उर्फ राजू, सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान, भाजपा नेत्री गीता शर्मा, सुरेंद्र कुमार चुग, प्रधान रविंद्र चौधरी, माजिद हुसैन अंसारी, वकार अहमद खां, डॉ. अनीस अहमद, मौलाना फैजान अशरफ, रामनिवास शर्मा, पूर्व प्रधान कल्याण सिंह, चौधरी उदयपाल सिंह, शिरीष गुप्ता, प्रधान खलील अहमद, नौमान जमाल, ग्राम प्रधान सद्दाम हुसैन, कारी खुर्शीद अहमद, होली जुलूस कमेटी के अध्यक्ष कौशल ठाकुर, मुफ्ती कलीम अशरफ, देवदत्त दिवाकर, महंत राहुल सांबरा, ग्राम प्रधान धर्मेंद्र चौधरी, केपी राणा, शमशाद हुसैन, सभासद हप्पू राजा, इस्लाम मसूदी, आमिल सिद्दीकी, रेहान पाशा, कारी शकील अहमद, सहित विभिन्न वर्गों के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। संचालन नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन ने किया।



बैठक में मौजूद क्षेत्र के प्रधान सभासद व सम्मानित लोग। ● अमृत विचार

**● कोतवाली में आयोजित अमन कमेटी की बैठक में नई परंपरा शुरू न करने की अपील**

## पांच दिन चला बंदर पकड़ो अभियान, फिर भी आतंक कायम

**कांठ,अमृत विचार :** बंदरों के बढ़ते आतंक को देखते हुए नगर पंचायत द्वारा मथुरा से बंदर पकड़ने वाली टीम बुलाई गई थी। टीम ने पांच दिन तक अभियान चलाकर बंदरों को पकड़ने का प्रयास किया। इसके बावजूद बंदरों का आतंक बरकरार है। इससे नागरिकों में भय का माहौल बना हुआ है। मंगलवार को बंदरों के एक झुंड ने एक युवक पर हमला कर दिया। लोगों ने बताया कि टीम ने अभियान तो चलाया लेकिन यह कारगर सिद्ध नहीं हो सका। मोहल्ला पट्टी वाला एवं क्षेत्र में अभी भी दर्जनों बंदर खुलेआम घूम रहे हैं और लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। आरोप है कि जिन स्थानों पर बंदरों का अधिक जमावड़ा रहता है, वहां पिंजरे नहीं लगाए गए, जिसके कारण अधिकांश बंदर पकड़ में नहीं आ सके। मंगलवार प्रात: बंदरों के एक झुंड ने मोहल्ला पट्टी वाला निवासी देशबंधु पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर बंदर मौके से भाग गए। नागरिकों ने लापरवाही का आरोप लगाया है।

## फिटनेस रन में खूब दौड़े बच्चे, जीते पुरस्कार



**कुंदरकी, अमृत विचार :** नगर के एमआईटीएम पब्लिक स्कूल में एमआईटीएम रन 2026 ( रन फॉर फिटनेस, रन फॉर फ्यूचर ) धूमधाम से संपन्न हुआ। बच्चों ने दौड़ से सभी का दिल जीता। मंगलवार को चौकी इंचार्ज संजय कुमार त्यागी ने फीता काटकर दौड़ शुरू की। मुख्य अतिथि रेहान अशरफ ने कहा कि सभी बच्चे विजेता हैं। दौड़ बच्चों को फिट रखती है। स्कूल मैनेजर मोहम्मद आसिफ बोले दौड़ जीवन सिखाती है। धैर्य व मेहनत से सफलता मिलती है। लड़कियां 6-9 साल में गोल्ड अविरा फातिमा, सिल्वर - इनाया फातिमा, ब्रॉन्ज - रिफा, सेकंड राउंड में गोल्ड - आयशा चौधरी को मिला। लड़कों में 6-10 साल में गोल्ड - हसन, सिल्वर - जियान, ब्रॉन्ज - अल्फैज, लड़के 10-14 साल में गोल्ड - रेहान, सिल्वर - अर्सलान, ब्रॉन्ज - मोहम्मद सामी को मिला। लड़कियां 10-14 साल में गोल्ड - शायना नूर, सिल्वर - साफिया नूरी, ब्रॉन्ज - सिदरा मिला। सभी को मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

## डायट कांठ में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम अयोजित

**कांठ, अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट कांठ में मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी शिवम गुप्ता की अध्यक्षता में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी ने सभी शिक्षकों अभिभावकों और छात्र-छात्राओं को हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी और अभिभावकों को बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। कस्तूरबा गांधी आवास से बालिका विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राथमिक विद्यालय कांठ मान नगर की बालिकाओं ने शिक्षा पर कविता प्रस्तुत कीई। बाल वाटिका आयु वर्ग 5 से 6 वर्ष एवं विद्यालय में नामांकित कक्षा एक एवं कक्षा 2 के प्रत्येक न्याय पंचायत के पांच बच्चों को प्रमाण पत्र, मेडल, स्टेशनरी किट आदि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष गौरव यादव, वीरेंद्र कुमार ब्लॉक अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अभा प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट, अनीता, वीरेंद्र कुमार, बृजेंद्र कुमार, आशुतोष कुमार, प्रियंका चौधरी, भुवनेश कुमारी, दीपिका, शशिबाला आदि मौजूद रहे।



## 263 बच्चों ने दी गणित की परीक्षा

**संवाददाता, कांठ ,अमृत विचार :** सीबीएसई वोर्ड की परीक्षा के प्रथम दिन मंगलवार को पंजीकृत 264 बच्चो में से 263 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र भीकनपुर स्थित राजेंद्रा एकेडमी में हाईस्कूल गणित प्रश्न पत्र की परीक्षा थी। केंद्र अधीक्षक सरिता रानी ने बताया कि पंजीकृत 264 बच्चों ने 263 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा एक परीक्षार्थी उपस्थित रहा। परीक्षा के उपरांत परीक्षार्थियों के चेहरों पर मुस्कान दिखाई दी।



## एडवोकेट मंच के जिला संयोजक बने नीरज

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** स्वदेशी जागरण मंच की बैठक मंगलवार को हुई। इसमें संगठन के विस्तार और स्वावलंबी भारत अभियान को गति देने पर चर्चा कर नई जिम्मेदारियों की घोषणा की गई। अखिल भारतीय विचार विभाग प्रमुख डॉ. राजीव कुमार के निर्देशन में प्रांत संयोजक कपिल नारंग ने मुरादाबाद इकाई की घोषणा की। इसमें नीरज सोलंकी एडवोकेट को मंच का जिला संयोजक, हिमांशु मेहरा को जिला समन्वयक, स्वावलंबी भारत अभियान व जसविंदर सिंह को महानगर युवा आयाम प्रमुख का दायित्व दिया गया। पदाधिकारियों ने आशा जताई कि सभी पदाधिकारी स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। बैठक में स्वदेशी जागरण मंच के उद्देश्यों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि मंच का उद्देश्य केवल स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग ही नहीं, बल्कि समाज को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। इस दौरान वरिष्ठ आयाम प्रमुख डॉ. ए.के. अग्रवाल, प्रांत संयोजक कपिल नारंग, विभाग संयोजक प्रशांत शर्मा, प्रांत सह महिला प्रमुख अंजू त्रिपाठी, जिला महिला प्रमुख पूनम चौहान, महानगर महिला प्रमुख नीलम जैन, महानगर महिला प्रमुख नीलम भुईहार, जिला सह महिला प्रमुख रेनू गुप्ता, महानगर सह महिला प्रमुख ,सुनील कुमार एडवोकेट, अंजली एडवोकेट, सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## सीडीओ ने बा स्कूल में गंदगी पर जताई नाराजगी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी ने विकासखंड छजलैट स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय ( केजीबीवी ) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी छजलैट उपस्थित रहे। मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी के निरीक्षण में सामने आया कि कक्षा-9 व 10 की 10 छात्राएं बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज कांठ में नामांकित हैं, लेकिन केजीबीवी छात्रावास में रहती हैं। तीन फुलटाइम व दो पार्ट टाइम शिक्षिकाएं उपस्थित मिलीं, जबकि प्रभारी वार्डन आकस्मिक अवकाश पर थीं। सीडीओ ने छात्राओं से विषय-आधारित प्रश्न पूछे और उन्हें प्रोत्साहित किया। एआरपी व केजीबीवी स्टाफ के साथ समीक्षा बैठक में टीएलएम ( टीचिंग लर्निंग मटेरियल ) का उपयोग कर शिक्षा को रुचिकर बनाने, पेड़ लगाने, छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने व अनावश्यक अवकाश न देने का निर्देश दिया। उन्होंने मुख्य वार्डन को छात्राओं के अवकाश पर नियंत्रण व डायट कांठ परिसर में घास-झाड़ी होने पर नाराजगी व्यक्त की। जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार को खराब सफाई में जल्द सुधार कराने की हिदायत दी।



## सोहम शिव मंदिर में धूमधाम से की गई शिवजी की मूर्ति स्थापित



**बिलारी, अमृत विचार :** मंगलवार को हाईवे पर डाक बंगले के निकट मुड़िया राजा गांव में स्थित सोहम शिव मंदिर में शिव मूर्ति स्थापना भक्ति भाव के साथ की गई। श्रद्धालुओं ने मूर्ति को अन्न, जल, फल, और शैया पर वास कराने के उपरांत मंगल स्नान कराया, नए वस्त्र धारण कराए और सिंहासन पर आरूढ़ कर बैंड बाजा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली। महंत हेमानंद की अध्यक्षता में पंडित गणेश प्रसाद नैनवाल और केशवानंद सती ने मंत्रोच्चारण के साथ मूर्ति की स्थापना कराई। मुख्य यजमान उदयवीर यादव व सुदेश यादव रहे। कार्यक्रम में गौरव यादव, संजय यादव, सिपाही सिंह यादव, अनीता यादव, सुनीता यादव, सुरेंद्र चौहान, रोहित कुमार, सचिन अग्रवाल, मस्तराम, राजेश, प्रवेश प्रजापति आदि शामिल रहे।

## आज 12 केंद्रों पर परीक्षा देंगे छात्र-छात्राएं

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र के 12 परीक्षा केंद्रों पर नकल विहीन परीक्षा संपन्न करने के सभी प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। मुस्लिम इंटर कॉलेज को सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र बनाया गया है। आज मुस्लिम इंटर कॉलेज , सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज, गांधी स्मारक इंटर कॉलेज सुरजन नगर, शिवहरि राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज रामपुर घोघर, आरएसएम इंटर कॉलेज रामपुर घोगर, नवजागरण इंटर कॉलेज दूल्हापुर टांडा , जनता इंटर कॉलेज गोपी वाला, आरपीएस इंटर कॉलेज रतुपुरा, जीआईसी ठाकुरद्वारा, साईं इंटर कॉलेज रघुनाथपुर पर परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। मुस्लिम इंटर कॉलेज इस बार भी सबसे बड़ा केंद्र बनाया गया है। यहां इंटर के 408 और हाईस्कूल के 309 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। मुस्लिम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य लोकमन सिंह और परीक्षा प्रभारी जिलानी ने बताया कि नकल विहीन परीक्षा संपन्न करने के लिए वॉइस रिकॉर्डर वाले सीसीटीवी कैमरे चेक कर लिए गए हैं।

## पर्यावरण रक्षा का संकल्प लिया

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** विश्नोई समाज की आस्था का केंद्र श्री जम्भेश्वर आश्रम भूड टीवा मंदिर का 79 वां वार्षिक उत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। हजारों लोगों ने भीम गोड़ा हरिद्वार के महंत स्वामी प्रणवानंद की मौजूदगी में यज्ञ में आहुति दी और पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया। समाज एवं देश की खुशहाली के लिए गुरु जंभेश्वर भगवान द्वारा बताए गए 29 निगमों पर चलने का आह्वान किया।

यहां हर वर्ष फाल्गुन अमावस्या को विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। देश के कोने-कोने से श्रद्धालु आते हैं । कांठ स्योहारा मार्ग स्थित ब्रह्मलीन स्वामी चन्द्रप्रकाश महाराज की तपोभूमि जम्भेश्वर आश्रम में संतों एवं गणमान्य लोगों की मौजूदगी में विशाल यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने हवन में आहुति देकर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया। गुरु जंभेश्वर भगवान द्वारा बनाए गए 29 नियमों पर चलने का संकल्प लिया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में स्थापित अखंड ज्योति के दर्शन कर गुरु जंभेश्वर को नमन किया। इस मौके पर गन्ना समिति के अध्यक्ष कुंवर सुरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई, मास्टर सीपी सिंह, श्री ओम सिंह बिश्नोई, डॉ पंकज विश्नोई, बलवीर सिंह, कुंवर भूपेंद्र सिंह, भाजपा के पूर्व सभासद अभय कुमार बिश्नोई, अशोक कुमार, विशाल चौधरी आदि मौजूद रहे। 763 में वृक्षों की रक्षा करने के लिये माता अमृता देवी के नेतृत्व में 363 स्त्री पुरुषों व बच्चों ने प्राणों की आहुति दी थी। जो आज भी मिसाल है। मंदिर अध्यक्ष कुंवर सुरेन्द्र सिंह विश्नोई ने मेले के समापन पर आयोजित बैठक में आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। भंडारा पवन कुमार विश्नोई निवासी सरकडा ने किया। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह बल के साथ तैनात रहे।



यज्ञ में आहुति देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## कंटेनर में भीषण आग से लाखों का माल राख

**मैनाठेर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव डींगरपुर में एककंटेनर में भीषण आग लगने से लाखों रुपये का सामान राख हो गया। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान तीन फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर मौजूद रहीं।

कंटेनर चालक अजीम, निवासी गुरेर के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। गाड़ी से धुआं उठते देखा तो उसने कंटेनर को नजदीकी धुलाई सेंटर तक पहुंचाया। वहां ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड की मदद से आग बुझाई गई। कंटेनर में वायरिंग का सामान, डोरी और कूलर की घास भरी हुई थी, जो पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी को आग लगने का कारण माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच अभी जारी है।



आग बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

## मारपीट, जान से मारने की धमकी रिपोर्ट दर्ज

**भगतपुर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के एक गांव में मेड़ पर लगे पेड़ को लेकर हुए विवाद में एक महिला के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव बहोरनपुर मझरा कुरी निवासी रूपवती देवी ने थाना भगतपुर में दी तहरीर में बताया कि 16 फरवरी की शाम करीब चार बजे वह खेत पर गई थीं। इसी दौरान मेड़ पर लगे पेड़ को लेकर आरोपी खेम सिंह, नितिन व दो महिला ने विवाद शुरू कर दिया। मार-पीट की। एक आरोपी ने उसके पेट में लात मार दी, जिससे उसे चोट आई।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Fiza Shahnwaz से बदलकर Fizza Shahnawaz रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **Fizza Shahnawaz w/o मोहम्मद शाहनवाज शमसी निवासी कटरा जलालुद्दीन, रामपुर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने पुत्र रिजवान को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **अब्दुल रहमान पुत्र छुटवा निवासी मकान नं. 234 मौ. साहूकार थाना-बिलासपुर जिला रामपुर, मो. 9756012394**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने पुत्र राहुल चन्द्रा को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेक कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसका मेरे व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। यदि वह भविष्य में कोई गलत कृत्य करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **बाबूराम पुत्र मेवाराम निवासी ग्राम व पोस्ट रौण्डा थाना मूढापाण्डे तहसील व जनपद मुरादाबाद**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**कार्यालय-सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री महबूब अली द्वारा संस्था दादा मियां मजार शरीफ सेवा समिति, ग्राम पिपलिया जट पो. माटखेड़ा तह. स्वार, जिला रामपुर 4 का मोहतसिम/प्रबन्धक दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. महबूब अली- सदर 2. हदीम अहमद- सैक्रेट्री 3. सजीम-खजांची 4. जनाबे अली 5. मो. आकिल 6. शरीफ 7. नक्शे अली- सदस्य दर्शाये गये है। अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। और गुण दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि.एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आनन्द विक्रम सिंह- सहायक निबन्धक

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुखविन्दर सिंह द्वारा संस्था गुरू तेग बहादुर सेवा समिति, ग्राम संजना पोस्ट बेगमाबाद बिलासपुर, जिला रामपुर का प्रधान दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1. सुखविन्दर सिंह - प्रधान, 2. अनोख सिंह- सेक्रेटरी, 3. नेरन्द्र सिंह- कोषाध्यक्ष, 4. सुरजीत सिंह. 5. सुखविन्दर सिंह 6. दलजीत सिंह 7 सरजीत सिंह, 8. अमरजीत सिंह, 9. महल सिंह, 10. जनकराज सिंह, 11. हरजीत सिंह- सदस्य दर्शाये गये है। अत : यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही विदित हो कि उक्त नोटिस सो0रजि0एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है। आज्ञा से ( आनन्द विक्रम सिंह ) सहायक निबन्धक

अमृत विचार



**न्यूज ब्रीफ**

### विवाहिता की हत्या के मामले में पति गिरफ्तार

**स्वार, अमृत विचार :** थाना अजीमनगर क्षेत्र के ग्राम कुचैटा निवासी जलील अहमद ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें बताया कि उन्होंने अपनी बेटी मुमताज जहां की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व जुनैद पुत्र जाकिर अली निवासी मोहल्ला चक स्वार के साथ की थी। आरोपी दहेज की मांग पूरी न करने पर मुमताज जहां के साथ मारपीट करता था। 15 फरवरी की शाम करीब साढ़े पांच बजे उनकी बेटी ने फोन कर बताया कि ससुराल वाले मारपीट कर रहे हैं। 16 फरवरी को जब वह गांव के प्रधान पति और परिजनों के साथ ससुराल पहुंचे तो कमरे के अंदर मुमताज जहां का शव फंदे से लटका मिला। आरोप है कि पति जुनैद, देवर आजम, नन्द इल्मा और सास मुरसलीन ने दहेज की मांग पूरी न होने पर पहले गला घोंटकर हत्या की। इस प्रकरण में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी पति जुनैद को गिरफ्तार कर लिया है।

### सांसद ने प्रमोद जौहरी को श्रद्धांजलि दी

**रामपुर, अमृत विचार :** बिलासपुर नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन प्रमोद जौहरी का बीमारी के कारण कुछ दिनों पहले स्वर्गवास हो गया था। मंगलवार को सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने प्रमोद जौहरी के घर पहुंच कर 2 मिनट का मौन रखकर उनको श्रद्धांजलि दी। वहीं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष के जाहिदा सलाम के पिताजी हाजी अब्दुल हसन का इंतकाल होने पर ग्राम लाल नगला पहुंचे और उनके दफन में शामिल हुए। इस दौरान सांसद मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब पाशा, हाजी अयूब, डॉ. मेहंदी हसन, नासिर शेख, जमील सैफी, हाफिज नूरी, डॉ. ओवैस खान, डॉ. मकतूब अहमद रहे।

### आज तीन घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**बिलासपुर अमृत विचार :** अधिशासी अभियंता कर्मवीर सिंह ने बताया कि उपकेंद्र में आवश्यक परीक्षण कार्य किया जाना है। जिसके कारण 18 फरवरी बुधवार को भोट क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। बताया कि यह शट-डाउन पूर्व नियोजित है। 11 बजे से दोपहर दो बजे तक बिजली पूरी तरह बंद रहेगी। इस दौरान उपकेंद्र से जुड़े सभी गांवों में विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं होगी। उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### रायफल तानने वाले मामले में दो गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** पेट्रोल पंप कर्मी द्वारा ग्राहक पर राइफल तानने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर किया। बीती 12 फरवरी को नैनीताल हाईवे स्थित पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम के पंप पर सीएनजी भरवाने के दौरान गाड़ी लाइन में लगाने को लेकर ग्राहकों और पंप कर्मियों के बीच कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि पंप कर्मियों ने ग्राहक से न केवल गाली-गलौज की, बल्कि गार्ड ने अपनी लाइसेंसी राइफल निकालकर ग्राहक पर तान दी। पुलिस ने आरोपी विरेन्द्र, निवासी प्रीत विहार कालोनी, रुद्रपुर उत्तराखंड, सुरजीत सिंह निवासी कासियापुरा, थाना मिलक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त, 9 सेक्टर और 74 स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी किए गए तैनात**

# यूपी बोर्ड परीक्षा आज से, केंद्रों पर किया गया सिटिंग प्लान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिले में 74 परीक्षा केंद्रों पर बुधवार आज से यूपी बोर्ड की परीक्षा शुरू होगी। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। उड़ाका दल, पुलिस बल, सीसीटीवी कैमरों के अलावा 9 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 74 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। यूपी परीक्षा के लिए जिले में 74 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं इसके लिए 46,766 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया है।

रजा इंटर कालेज में बनाए गए कंट्रोल रूम में काम शुरू कर दिया है। कंट्रोल रूम में 21 कर्मचारी तैनात किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरे परीक्षा कक्ष में पैनी नजर रखेंगे। नकलविहीन परीक्षा कराए जाने के लिए वायस रिकार्डर लगाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर साफ पानी, बिजली, शौचालय, जेनरेटर की भी व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रश्न पत्र परीक्षा केंद्रों के लॉकर में रखवा दिए गए हैं। लॉकर की एक चॉबी केंद्र व्यवस्थापक और एक चाबी वाह्य केंद्र व्यवस्थापक के पास रहेगी। इसके अलावा लॉकर पर 24 घंटे कैमरे नजर बनाए रखेंगे। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल भी तैनात रहेगा। 9 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 74 स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा पर नजर बनाए रहेंगे। कहा कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर प्रश्न पत्रों के दो-दो सेट भेजे गए हैं।



राजकीय रजा इंटर कालेज में बनाए गए कंट्रोल रूम में कार्य करते कर्मचारी।

**25,518** हाईस्कूल के परीक्षार्थियों की संख्या

**21,248** इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों की संख्या

**46,766** कुल परीक्षार्थियों की संख्या

> जिले भर में बनाए गए 74 परीक्षा केंद्र राजकीय रजा इंटर कालेज में बने जिले के कंट्रोल रूम से जुड़ गए हैं। जबकि जिले का कंट्रोल रूम बरेली और लखनऊ मुख्यालय से जुड़ा है और इसका ट्रायल भी कर लिया गया है।
>
> **– अंजलि अग्रवाल,** जिला विद्यालय निरीक्षक।

### परीक्षा के लिए 74 केंद्रों पर लगवाया सिटिंग प्लान, केंद्र व्यवस्थापकों को दिए निर्देश

मंगलवार को यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए बनाए गए 74 परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापकों ने सीटिंग प्लान कराया। बुधवार को पहली पाली में हाईस्कूल की परीक्षा प्रातः 8:30 से 11:45 बजे तक होगी। जबकि दूसरी पाली में इंटरमीडिएट का पेपर अपराह्न 2 से 5:15 बजे तक सामान्य हिंदी का पेपर होगा। यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए 2650 कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की गई है। जबकि 74 केंद्र व्यवस्थापक और इतने ही वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों की तैनाती की गई है। परीक्षा के दौरान छह उड़नदस्ता दलों पर नकल विहीन परीक्षा कराने की जिम्मेदारी रहेगी। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को पहली पाली में सुबह 8 बजे जबकि, दूसरी पाली 1:30 बजे पहुंचना होगा।



राजकीय रजा इंटर कालेज में सीटिंग प्लान करते कर्मचारी।

### घर में घुसकर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार:** थाना खजुरिया क्षेत्र के गांव रवाना लाला ऊर्फ बिशनपुरी निवासी सतनाम सिंह द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें कहा कि उसकी पिछले काफी समय से बलराज सिंह आदि से रंजिश चली आ रही है। कहा कि बीते शनिवार को वह घर की तरफ जा रहा था। इस दौरान बलराज सिंह आदि व्यक्ति द्वारा उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विरोध किए जाने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए राइफल तथा धारदार हथियार लहराते हुए फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बलराज सिंह, गुरशरणजीत सिंह, युवराज सिंह, प्रेमजीत सिंह निवासीगण गांव रवाना लाला बिशनपुरी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।



सेंट मेरी स्कूल में परीक्षा कक्ष में जाने से पूर्व छात्रों की तलाशी लेते शिक्षक।



परीक्षा केंद्र में जाते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार



ग्रीनवुड स्कूल के बाहर तैनात पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

# सीबीएसई परीक्षा : पहले दिन 10 वीं के 3740 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

**जिले में 13 केंद्रों पर हुई 10वीं के गणित विषय की परीक्षा, 33 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित, प्रत्येक सेंटर पर रही पुलिस की कड़ी निगरानी**

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** कड़ी सुरक्षा के बीच सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा मंगलवार की सुबह 10:30 बजे से 13 केंद्रों पर शुरू हुई। सुबह 9:30 बजे उन्हें परीक्षा केंद्रों पर तलाशी के बाद प्रवेश दिया गया। सीबीएसई परीक्षा के पहले दिन 10वीं की गणित विषय की परीक्षा से 3740 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे, जबकि 3773 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था। 33 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

सीबीएसई परीक्षा के पहले दिन 10वीं कक्षा के परीक्षार्थियों का गणित का पेपर हुआ। सुबह 9 बजे से परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी पहुंचना शुरू हो गए। तलाशी के बाद 9:30 बजे उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। 10 बजे परीक्षा कक्षों में परीक्षार्थियों के पहुंचने के बाद प्रश्न पत्र बांटना शुरू हुआ। 10:15 से 10:30 बजे तक परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने का समय दिया गया। इसके बाद 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा हुई। सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर नीरज तिवारी ने बताया कि पहले दिन सकुशल पेपर संपन्न हो गया। 18 फरवरी से 12वीं की परीक्षा भी शुरू हो जाएगी। बताया कि नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। परीक्षा के दौरान दो उड़ाका दलों ने परीक्षा केंद्रों पर छापेमारी की। परीक्षा कक्ष में प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की तलाशी ली गई। गणित के पेपर में हाई स्कूल के 33 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।



परीक्षा कक्ष में जाते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

### आईसीएसई की परीक्षा में शामिल हुए 108 परीक्षार्थी

**रामपुर, अमृत विचार :** मंगलवार से आईसीएसई बोर्ड की 10वीं की परीक्षाएं शुरू हुईं। साईं सीनियर सेकेंडरी स्कूल का एकमात्र आईसीएसई और आईएससी बोर्ड का विद्यालय है। आईसीएसई बोर्ड में कुल 108 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। 10वीं की परीक्षा में पहले दिन सभी 108 विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने परीक्षा की पूरी तैयारी की। मंगलवार को अंग्रेजी भाषा का प्रश्नपत्र हुआ। मुरादाबाद के परवीन कुमार शर्मा पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहें। प्रधानाचार्य डॉ. शिवांश सक्सेना के निर्देशन में परिक्षाएं 17 फरवरी से शुरू होकर 27 मार्च तक होंगी। परीक्षा शुरू होने से पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. शिवांश सक्सेना ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।

### बोले परीक्षार्थी



पेपर अच्छा हुआ है और उम्मीद है कि गणित के पेपर में अच्छे अंक मिलेंगे। पूछे गए प्रश्नों का सही-सही उत्तर लिख दिया है उम्मीद है इस पेपर में अच्छे नंबरों से पास हो जाएंगे।

**– मोहम्मद हम्माद**



गणित के पेपर से बहुत डर लग रहा था लेकिन, पेपर अच्छा हुआ है। सुबह 4 बजे जो दो सवाल घर पर हल किए थे वह प्रश्न देखकर दिल खुश हो गया। उन्हें ठीक-ठीक कर दिया है।

**– सैयद अरहाम**



पहला पेपर गणित का हो गया इससे बड़ी राहत मिली है। इतने दिनों गणित के पेपर की ही तैयारी करते रहे। उम्मीद है कि गणित में बहुत अच्छे नंबर मिलेंगे। क्योंकि पूछे गए सभी सवाल हल कर दिए हैं।

**– अमान मोहम्मद**



गणित का पेपर बहुत अच्छा हुआ है और इस पेपर में अच्छे नंबर मिलने की उम्मीद है। क्योंकि जितने प्रश्न पूछे गए थे वे सभी हल कर दिए हैं। बाकी रिजल्ट आने पर सही-सही पता चलेगा।

**– परिधि**

### इन केंद्रों पर हुई परीक्षा

ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दयावती मोदी एकेडमी, केंद्रीय विद्यालय, सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सनवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट एंथोनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल, लीड इंटरनेशनल स्कूल स्वार, आरएएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर, ब्रह्म दत्त स्कूल, होली चाइल्ड स्कूल बिलासपुर, न्यू एज पब्लिक स्कूल बिलासपुर।

> सीबीएसई परीक्षा से पहले दिन 10वीं के 3773 परीक्षार्थियों का पंजीयन था। जिसमें 33 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 3740 परीक्षार्थियों ने 13 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा दी। 18 फरवरी से 12वीं की परीक्षा भी शुरू हो जाएगी।
>
> **– नीरज तिवारी,** सिटी कोऑर्डिनेटर सीबीएसई

### परीक्षा केंद्रों पर बांटे गए अलग-अलग सेट के पेपर

**रामपुर, अमृत विचार :** सीबीएसई परीक्षा में मंगलवार को 10वीं के परीक्षार्थियों का गणित का पेपर था। प्रश्न पत्र में 20 नंबर के बहुविकल्पीय प्रश्न थे। एक ही परीक्षा कक्ष में प्रश्न पत्रों के चार सेट वितरित किए गए थे। ताकि, पिछली सीट पर बैठा परीक्षार्थी आगे वाले परीक्षार्थी की नकल न कर सके। प्रश्न पत्र में सरल प्रश्न देखकर परीक्षार्थियों ने सभी प्रश्नों को हल कर दिया है। अधिकांश परीक्षार्थियों ने बताया कि उनका पेपर अच्छा हुआ है और 60 से 70 प्रतिशत आने का अनुमान है। इसके अलावा कुछ परीक्षार्थियों ने गणित के सभी सवाल सही-सही हल करने का दावा किया है इस प्रकार उन्हें शत-प्रतिशत अंक मिलने का भरोसा है।



आपस में प्रश्नों को चेक करते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

# करंट से झुलसी शिवानी को 50 हजार की मदद

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** 11 हजार हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलसी शिवानी को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने पीड़ित परिवार को 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद की। इसके साथ शिवानी के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए उसे गांव में ही रोजगार दिलाने की पहल की है।

मामला मिलक तहसील के ग्राम कमोरा का है। बीते 2 जनवरी 2026 को जनता दर्शन में शिवानी के पिता निर्मल सिंह अपनी लाचारी और बेटी का दर्द लेकर जिलाधिकारी के पास पहुंचे थे। उन्होंने बताया था कि कैसे हंसती-खेलती शिवानी नौ वर्ष पहले छत पर खेलते वक्त 11 हजार लाइन के करंट की चपेट में आ गई थी। उस हादसे ने न सिर्फ बेटी को शारीरिक रूप से तोड़ा, बल्कि परिवार को भी आर्थिक संकट में डाल दिया था। पिता की पीड़ा को समझते हुए जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने तत्काल विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता सत्येन्द्र चौहान को तलब कर मदद के निर्देश दिए थे। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने शिवानी को बिजली विभाग द्वारा संकलित 50,000 रुपये का चेक सौंपा। परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि शिवानी को उसकी ग्राम पंचायत में ही दैनिक कार्यों के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जाए। प्रशासन की इस पहल से अब पीड़ित परिवार को एक दीर्घकालिक आसरा मिल सकेगा।



शिवानी और उसके परिवार को चेक देते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

● **अधिकारियों ने गांव में ही रोजगार दिलाने का दिया आश्वासन**

### लूट के मामले में दूसरे दिन भी रिपोर्ट दर्ज नहीं

**स्वार, अमृत विचार:** कोतवाली के गांव समोदिया निवासी अहसान अली सोमवार की सुबह करीब साढ़े तीन बजे अपनी दुकान पर मिट्टी डलवाने के लिए समोदिया पर अड्डे गए थे। इसी दौरान घर पर उनकी पत्नी अकेली थीं। तभी अज्ञात बदमाश घर में घुस आए और अलमारी में रखी करीब 30 हजार रुपये की नकदी व सोने चांदी के जेवरात लूट ले गए। महिला ने जब बदमाशों का विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। बदमाश लूटकर फरार हो गए। पीड़ित पति पत्नी कोतवाली पहुंचे। लेकिन पुलिस ने न तो मौके पर पहुंचकर जांच की और न ही रिपोर्ट दर्ज की।

## रमजान और होली भाईचारे और सौहार्द के प्रतीक

संवाददाता स्वार

**अमृत विचार:** आगामी रमजान और होली पर्व के मद्देनजर मंगलवार को कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सीओ अतुल कुमार पांडेय ने की। बैठक में संभ्रांत लोगों, धर्मगुरुओं ने भाग लिया।

सीओ ने कहा कि दोनों पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द के प्रतीक हैं। सभी नागरिक मिलजुलकर त्योहार मनाएं तथा किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू करने से बचें। उन्होंने स्पष्ट किया कि परंपरागत तरीके से ही कार्यक्रम आयोजित किए जाएं और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने अफवाहों से दूर रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल संजीव कुमार ने सभी लोगों से आगामी त्योहार मिलजुल कर मनाने की अपील की। बैठक में मौजूद लोगों ने प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया और शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर विधायक के भाई रफीक अहमद अंसारी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र दिवाकर, व्यापार मंडल अध्यक्ष अनवर अली, शावेज खां, अकील खां, महेन्द्र सैनी, प्रशांत शर्मा, इस्लाम अंसारी, हबीब कुरैशी, मोहम्मद आरिफ, अमित चंद्रा, मुंसफ अली आदि मौजूद रहें।



स्वार कोतवाली में शांति समिति की बैठक में बोलते सीओ अतुल कुमार पांडे।

# अश्लीलता प्रकरण में प्रधानाचार्य पर रिपोर्ट

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** संत फ्रांसिस स्कूल में प्रिंसीपल द्वारा छात्र-छात्राओं से अश्लीलता किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी प्रिंसिपल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

भोट थाना क्षेत्र के गांव खूंटाखेड़ा में स्थित संत फ्रांसिस स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रिंसिपल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अभिभावकों का आरोप था कि विद्यालय का प्रधानाचार्य सजा देने के बहाने मासूम छात्र-छात्राओं को अपने कक्ष में बुलाता और उनके साथ अश्लील हरकतें करता था। शिकायत पर अभिभावकों और ग्रामीणों ने स्कूल पहुंचकर हंगामा कर प्रिंसिपल की पिटाई भी की थी। वहीं पुलिस ने गांव सदराखेड़ा निवासी रंजीत सिंह की शिकायत पर आरोपी फादर जोसफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। उधर, मंगलवार को गांव पंजाब नगर स्थित गुरुद्वारे में पंचायत बुलाई गई। जिसमें ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, मुल्लाखेड़ा प्रधान पति जोगिंदर सिंह बिट्टू और अभिभावकों समेत गणमान्य लोग शामिल रहे। विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से फादर शसिन, फादर जेनिस व फादर विजय समेत चार प्रतिनिधि शामिल हुए। पंचायत के दौरान आरोपी पक्ष की ओर से आए प्रतिनिधियों ने समाज से सामूहिक माफी मांगी और भरोसा दिलाया कि भविष्य में ऐसी किसी भी घटना की पुनरावृत्ति नहीं होगी। साथ ही प्रिंसिपल को तत्काल प्रभाव से पद से निलंबित कर दिया गया है। लेकिन, अभिभावक इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं दिखे। करीब ढाई घंटे तक चली इस बैठक में ग्रामीणों और अभिभावकों ने जमकर हंगामा किया। कहा कि जब तक आरोपी प्रिंसिपल की गिरफ्तारी नहीं होती, वे शांत नहीं बैठेंगे। ब्लाक प्रमुख ने बताया कि प्रबंधन आरोपी को हटाने पर सहमत है, लेकिन अभिभावक कार्रवाई चाहते हैं। मामले में कोई अंतिम सहमति नहीं बन पाई है।

● **पंचायत में विद्यालय प्रबंधन समिति ने मांगी सामूहिक माफी**

### पुलिस ने चोरी के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार:** चोरी के आरोपियों को शाहबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

7 फरवरी को सीएचसी शाहबाद स्थित सरकारी आवास में ताला तोडकर चोरी कर ली थे। मामले में थाना शाहबाद मुकदमा हुआ था। पुलिस ने फहीम खां उर्फ बाबू व शौलत निवासी ग्राम जनेठा थाना बनियाठेर संभल को ग्राम हिम्मतपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया है। उनकी निशादेही से चोरी हुआ माल व नकदी भी बरामद की गई है। आरोपियों ने बताया कि वो रात में घूमकर बंद मकानों में चोरी करते हैं।

# आगामी वित्त वर्ष से नया आयकर अधिनियम होगा लागू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित होटल भारत क्राउन प्लाजा में सोमवार रात टैक्स बार एसोसिएशन रामपुर की बजट-2026 तथा जीएसटी की धारा 61, 73 एवं 74 की वैधानिक स्थिति को लेकर परिचर्चा हुई। टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए केएम टंडन ने सदस्यों को बजट की बारीकियों के बारे में विस्तार से समझाया।

उन्होंने बताया कि आगामी वित्त वर्ष से नया आयकर अधिनियम 2025 लागू हो जाएगा। नए कानून में करदाताओं द्वारा स्वैच्छिक रूप से आयकर कानून के पालन को देखते हुए सरकार ने नए आयकर अधिनियम में अधिकांश अपराधों में सजा के प्रावधान को काफी कम करते हुए वैकल्पिक रूप से जुर्माने का प्रावधान किया है। इससे आयकर विभाग द्वारा करदाताओं के उत्पीड़न में कमी आएगी। जीएसटी की धारा 61, 73, 74 पर मुख्य वक्ता एडवोकेट पीके चावला ने विभाग द्वारा जारी किए जा रहे नोटिसों पर वैधानिक प्रावधानों की विस्तार से व्याख्या की। सीए आरके अग्रवाल ने वक्ताओं को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन संस्था के सचिव सीए अंकित अग्रवाल द्वारा किया गया। सदस्यों की साधारण सभा द्वारा कार्यकारिणी में रिक्त पदों पर नियुक्ति की गई संस्था की उपाध्यक्ष के रूप में एडवोकेट आशीष कमथानिया और सदस्य के रूप में एडवोकेट गुलरेज खां का मनोनयन किया गया। उन्हें शपथ भी दिलाई गई। संस्था के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट एके सिंघल के निधन पर सदस्यों ने शोक व्यक्त किया तथा दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की श्रद्धांजलि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर सीए अतुल कपूर, एडवोकेट एसएमएम रिजवी, एडवोकेट राजेश सैनी, सिंह अंकुर अग्रवाल, सीए राजीव अग्रवाल, एडवोकेट अंकित जिंदल, एडवोकेट मशहूर अहमद, एडवोकेट सर्वेश बहादुर सक्सेना, एडवोकेट प्रवीण भांडा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



जानकारी देते केएम टंडन।

● **टैक्स बार एसोसिएशन रामपुर की बजट-2026 व जीएसटी को लेकर हुई परिचर्चा**

अमृत विचार

मुरादाबाद, बुधवार, 18 फरवरी 2026

रामपुर

## न्यूज ब्रीफ

### जिले में एक हजार से अधिक हज यात्रियों का हुआ टीकाकरण

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले में 1033 के सापेक्ष 1026 हज यात्रियों का टीकाकरण हो गया है। दोमहला रोड स्थित अंजुमन इस्लाहे कौम में लगे शिविर में मंगलवार तक 458 हज यात्रियों को टीके लगाए गए। इससे पहले 12 फरवरी को स्वार और टांडा में आजमीने हज का टीकाकरण हो चुका है। हज यात्रा 2026 पर जाने वाले हज यात्रियों का सोमवार और मंगलवार को अंजुमन इस्लाहे कौम में लगे शिविर में टीकाकरण हुआ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि मंगलवार तक कुल 1033 पंजीकृत हज यात्रियों के सापेक्ष 1026 हज यात्रियों का टीकाकरण पूर्ण कर लिया गया है। टीकाकरण के अंतर्गत सभी हज यात्रियों को क्वाड्रीवेलेंट मेनिंगोकोकल मेनिनजाइटिस वैक्सीन सिंगल डोज दी गई है। साथ ही 65 वर्ष से अधिक आयु के हज यात्रियों को सीजनल इन्फ्लुएंजा वैक्सीन के साथ ओरल पोलियो वैक्सीन से भी टीका लगाया गया है। शिविर में मेराजुल हक, तालिबुल हक, अलमास वसीम, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स, वार्ड ब्वॉय, वार्ड आया एवं नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे। टीकाकरण मदरसा रोजातुल उलूम, टांडा, स्वार तथा अंजुमन इस्लाहे कौम, दोमहला रोड, पंजाबियान में कराया गया, जहां 204, 364 एवं 458 हज यात्रियों को टीके लगाए। इस प्रकार कुल 1026 हज यात्रियों का टीकाकरण किया गया।

### जिला जज ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष भानू देव शर्मा ने मंगलवार को बहुउपयोगी प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि यह 22 फरवरी को सद्भावना मंडप पनवड़िया में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर होगा। इसका प्रचार मुख्यालय स्तर पर जनता को जागरूक करने के लिए किया गया। कार्यक्रम से पूर्व समस्त विभागों, नगर निकाय प्राधिकरणों, विकास विभाग के अधिकारियों के साथ जिला जज की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिला जज ने अधिकारियों को निर्देशित किया आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। इस वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के आयोजन का उद्देश्य एक छत के नीचे विभिन्न विभागों द्वारा आम नागरिकों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना ही उद्देश्य है।

#### बार एसोसिएशन के सभागार में आयोजित बैठक में वकीलों ने लिया फैसला

# आज से कार्य पर लौटेंगे वकील, तीन दिन हड़ताल स्थगित

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** जिला पंचायत कार्यालय में 11 फरवरी को अधिवक्ता फारुख अहमद खां की हत्या के बाद वकीलों में भारी आक्रोश है। हत्या के बाद से ही रामपुर जिले के अधिवक्ता अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे। लगातार धरना और विरोध प्रदर्शन के बीच अधिवक्ताओं ने बैठक कर सर्वसम्मति से 20 फरवरी तक तीन दिन के लिए हड़ताल स्थगित कर दी है। बुधवार आज से अधिवक्ता कार्य पर लौटेंगे।

मंगलवार को कचहरी स्थित सभागार में बार एसोसिएशन रामपुर के सदस्यों की सभा हुई। वरिष्ट उपाध्यक्ष सर्वजीत सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता और संचालक महासचिव मोहम्मद उस्मान खां एडवोकेट की देखरेख में बैठक संपन्न हुई। बैठक में अधिवक्ता फारूख अहमद खां की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई को लेकर चर्चा हुई। सर्वजीत एडवोकेट ने बताया कि 13 फरवरी को बार एसोसिएशन द्वारा जिलाधिकारी को एक ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि अधिवक्ता फारूख अहमद खां के मृतक परिवार को 5 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। आरोपी के शस्त्र लाइसेंस को निरस्त किया जाए तथा आरोपी की चल व अचल संपत्ति की जांच कर अवैध सम्पत्ति को राज्य सरकार में निहित किया जाए। ज्ञापन के बाद जिलाधिकारी ने बार एसोसिएशन को मुआवजे के संबंध में व अन्य मांगों के सम्बंध में की कार्रवाई से अवगत कराया। जिसमें जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले में कार्रवाई किए जाने का पक्ष रखा। 12 फरवरी से बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ता मांग पूरी होने तक न्यायिक कार्य से विरत हैं। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसलिए न्यायिक कार्य से विरत रहने का औचित्य नहीं है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 18 फरवरी से 20 फरवरी तक पूर्ण रूप से कार्य में सहयोग करेंगे।

# रमजान उल मुबारक के चांद का आज हो सकता है दीदार

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** रमजान उल मुबारक के चांद का आज दीदार हो सकता है।

शहर की जामा मस्जिद से काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां चांद होने का ऐलान करेंगे। चांद नजर आने के बाद मस्जिदों में तरावीह का सिलसिला शुरू हो जाएगा। माहे रमजान का 29 शाबान को चांद नजर आ सकता है। नायब शहर इमाम मौलवी फैजान खां ने आह्वान किया कि बुधवार को मगरिब की नमाज के वक्त माहे रमजान का चांद नजर आ सकता है। चांद नजर आने पर जामा मस्जिद में आकर गवाही दें, जिससे चांद नजर आने का ऐलान किया जा सके। मुकर्रम रजा खां इनायती ने बताया कि शहर की जामा मस्जिद में हर साल की तरह इस साल भी नमाजे तरावीह में मौलवी एहतेशाम उल्लाह खां नायब इमाम जामा मस्जिद में सवा पारा रोजाना सुनाएंगे।

# भाकियू अराजनैतिक से जुड़े किसानों का प्रदर्शन

## छह सूत्रीय मांगों को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन



प्रदर्शन करते भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ता ● अमृत विचार

**रामपुर, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत मंगलवार को जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पार्क में हुई। जिसके बाद किसानों की 6 सूत्रीय मांगों को लेकर नगर मजिस्ट्रेट को लेकर ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि पर्यावरण और जल संरक्षण का भविष्य में प्रदूषण को रोकने के लिए सरकारी जमीन जैसे गुल, चकरोड, नहर किनारे चौड़ी नालों किनारे सिंचाई विभाग और नहर विभाग की सरकारी जमीनों पर पौधे लगाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि रामपुर जिला अस्पताल में आसपास के गांव से आने वाले मरीजों से दवाई के नाम पर व सीटी स्कैन के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। अगर कोई पैसे नहीं देता है तो वो कई हजार रुपये की दवाई बाहर से लाने को कहते हैं। गरीब किसानों की जेबों पर डाका डाला जा रहा है। और कहा कि प्रत्येक वर्ष वन विभाग उद्यान विभाग ग्राम पंचायत द्वारा वर्षा रोपण कार्य किया जाता है वह सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहता है। बोले कि धान खरीद विपणन वर्ष 2025 - 2026 में गड़बड़ी और घोटाले के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं। मिलक मंडी में एक किसान राजेंद्र सिंह जो गुलामगंज के हैं उनके नाम पर राजेंद्र सिंह बाबू ग्राम बकैनिया की जमीन दर्शाकर धान खरीद की गई है। जिसकी मिलक थाने में प्राथमिकता भी दर्ज हुई है। पूरे मामले की जांच होना चाहिए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमारी इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो होली के पश्चात रणनीति बनाकर कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे। इस मौके पर सरदार अवतार सिंह, सुनील मौर्य, फरीद खां, बाबर खा, रामनाथ, राहत अली, जुनैद खां, रामपाल पटेल, बाबू राम, अब्दुल रज़्ज़ाक खान, अनिल बघेल, मुताहिर खान, नीरज कुमार, मुशीब अली खान, समर खान, समी खान, प्रेमपाल गंगवार, राजकुमार मौर्य, पप्पू मालिक, फूल सिंह गंगवार, विजयपाल कैशप, रामप्रताप गंगवार, जगजीत सिंह सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

● **किसानों ने सरकारी जमीन पर पौधरोपण की मांग की**

## रमजान माह में सफाई और स्ट्रीट लाइट दुरुस्त करने की मांग

**बिलासपुर, अमृत विचार:** सभासदों ने पवित्र रमजान महीने में विशेष साफ-सफाई कराने और मस्जिदों के बाहर चूना आदि डलवाए जाने की मांग को लेकर अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को नगर पालिका के वार्ड संख्या दस के सभासद मोहसिन खां और फैजान खां नगर पालिका कार्यालय पहुंचें। जहां उन्होंने अधिशासी अधिकारी डॉ. नितिन कुमार गंगवार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिसमें सभासदों ने कहा कि आगामी रमजान का पाक महीना प्रारंभ होने वाला है। जिसमें विशेष रूप से साफ-सफाई, पथ प्रकाश व्यवस्था के अलावा नगर क्षेत्र की समस्त मस्जिदों के बाहर चूना आदि डलवाया जाएं। उन्होंने कहा कि इस मुकद्दस महीने में सेहरी, तरावीह और इफ्तार के समय साफ-सफाई व्यवस्था के साथ साथ पथ प्रकाश का विशेष ध्यान रखा जाएं।

# शिक्षकों ने किया एकजुटता का ऐलान

**संवाददाता, रामपुर**



प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक सैदनगर की समीक्षा बैठक में मौजूद शिक्षक।

**अमृत विचार:** प्रांतीय कार्य समिति के निर्देशानुसार ब्लाक सैदनगर के बीआरसी केंद्र खौद पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा रामपुर की जिला कार्यसमिति द्वारा ब्लाक इकाई सैदनगर की समीक्षा बैठक हुई।

ब्लाक अध्यक्ष सैदनगर रहमत अली ने कहा कि जब तक हम सब संगठन के साथ खड़े नहीं होंगे, उस वक्त तक कोई लड़ाई नहीं जीती जा सकती है। उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री चरन सिंह ने संगठन के इतिहास और संगठन द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों से रूबरू कराया। ज़िला मंत्री ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं से संगठन के साथ जुड़े रहने और अपने अधिकारों को हासिल करने के लिए संघर्ष करते रहने के लिए आगे आने का आह्वान किया। कहा कि हम पर टेट को अनिवार्य करना यह अच्छा नहीं है, इसके लिए हम सब मिलकर संघर्ष करेंगे। उसी की रूपरेखा बनाने के लिए पूरे प्रदेश में ब्लाक स्तर पर समीक्षा बैठक कर रणनीति बनाई जा रही है। 22 फरवरी को एक ट्विटर अभियान चलाया जाएगा। जिसमें सभी को अपना ट्यूटर अकाउंट बनाकर ट्वीट करना होगा। माह मार्च के आखिरी सप्ताह में सभी टीचर्स एक बड़े धरना प्रदर्शन के लिए दिल्ली जाएंगे। जिसमें सभी संगठन मिलकर टेट के विरोध में प्रदर्शन करेंगे और सरकार से मांग करेंगे कि 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता से मुक्त रखा जाए। इस दौरान ब्लाक कोषाध्यक्ष अध्यक्ष मोहम्मद अकरम, ज़िला मंत्री चरन सिंह, ब्लाक अध्यक्ष सैदनगर रहमत अली, ब्लाक कोषाध्यक्ष मोहम्मद अकरम, डॉ. सरफराज अहमद, नौमान खां, संजय सिंह, अमरपाल सिंह यादव, अवधेश मिश्रा, शिवानी मलिक, कविता, नसीम अहमद, मुनेश, दिनेश, राजेश, जबर सिंह, ग़िज़ाला परवीन, तनवीर अहमद, शमा परवीन, शबीना मंसूरी रहे।

● **2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से अलग रखने की मांग**

# मसवासी में ईओ की कुर्सी डेढ़ माह से खाली

**संवाददाता मसवासी**



खाली पड़ी अधिशासी अधिकारी की कुर्सी।

**अमृत विचार :** नगर पंचायत मसवासी कार्यालय में ईओ को न होने से नगर के होने वाले विकास कार्य चौपट हैं। वहीं जन्म व मृत्यु प्रमाणपत्र पत्र भी ईओ के न होने से नही बन पा रहे है। नगरवासी प्रमाणपत्र लेने के लिए नगर पंचायत कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं।

वहीं सामूहिक विवाह योजना के फार्म भी अधर मे लटक गए हैं। संविदा कर्मचारियों की सैलरी भी नहीं दी गई है। कर्मचारी भी सैलरी न मिलने से परेशान है, नगर पंचायत ईओ सचिन कुमार डेढ़ माह पूर्व नगर पंचायत कार्यालय से छुट्टी लेकर चले गए है। तब से अब तक नगर पंचायत के सारे विकास कार्य चौपट होकर रह गए है किसी अन्य अधिशासी अधिकारी को कार्यभार नहीं सौंपा गया है। वहीं नागरिक जन्म व मृत्यू प्रमाणपत्र बनवाने के लिए नगर पंचायत कार्यालय चक्कर काट रहे हैं। वहीं युवतियों के सामूहिक विवाह योजना के फार्म भी अधर मे लटक गए है। वहीं नगर पंचायत कर्मियों को जनवरी माह का वेतन भी नहीं मिल पाया है। वेतन न मिलने के कारण नगर पंचायत कर्मचारियों के सामने भी संकट पैदा हो गया है। नगर पंचायत ईओ सचिन कुमार नगर पंचायत मसवासी में आना ही नहीं चाहते है, अब उन्होंने एक वर्ष की छुट्टी ली है नगरवासी अहमद कासिम अली, शरीफ अहमद, राहुल कुमार, शकील अहमद, फारूक अहमद आदि ने जिलाधिकारी से नगर में किसी ओर ईओ को भेजने की मांग की है।

# त्योहारों पर आसमान छू रही महंगाई

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**



शहर के बाजार मिस्टन गंज में खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** त्योहारों पर महंगाई आसमान छू रही है। दाले, आटा, तेल, घी, चावल और गरम मसाले सब महंगे हो गए हैं। लोगों का कहना है कि इतनी महंगाई नहीं है जितना कि खुदरा कारोबारियों ने महंगाई बढ़ा दी है। कहते हैं कि खुदरा महंगाई रोकने के लिए प्रशासनिक स्तर से कोई कार्रवाई नहीं होने से भड़सालियो के हौसले बुलंद हैं।

महाशिवरात्रि और अब रमजान आने की आहट होते ही बाजार में खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ गई हैं। अधिकांश दालों की कीमतें 100 रुपये प्रति किलो के पार कर गई हैं। बाजार में सरसों के तेल की कीमतें 160 रुपये प्रति किलो से 210 रुपये प्रति किलो तक हैं। सभी अपने-अपने तेल को शुद्ध सरसों का तेल होने का दावा कर रहे हैं। इसके अलावा लाल मिर्च साबुत 280 रुपये किलो और पीली मिर्च 400 रुपये से 600 रुपये प्रति किलो बिक रही है। इसके अलावा फलों की कीमतें भी आसमान छूने लगी हैं। 40 और 50 रुपये किलो बिकने वाला अमरूद 80 से 100 रुपये प्रति किलो हो गया है। तरबूज की कीमत 40 रुपये प्रति किलो है। खजूर की कीमत 120 रुपये से 800 रुपये किलो तक है। बाजार में अजवा खजूर की कीमत 800 रुपये प्रति किलो है। मोहम्मद असद कहते हैं कि इस महंगाई में मध्यम वर्ग का जीना मुश्किल हो गया है। सरकार ने गरीबों के लिए तमाम योजनाएं शुरू कर दी हैं लेकिन, मध्यम वर्ग को चक्की के दो पाटों के बीच में पिसना पड़ रहा है। गरीबों के बच्चों के लिए पढ़ाई मुफ्त, छात्रवृत्ति, अनाज मुफ्त, जबकि, वोट डालने के लिए कतार में मध्यम वर्ग दिखाई पड़ता है।

# एचआर रॉयल क्लब को हराकर यंग गोल्ड क्लब बना चैंपियन

**टांडा, अमृत विचार:** अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल क्रिकेट लीग के फाइनल मैच में एचआर रॉयल क्लब को यंग गोल्ड क्रिकेट क्लब ने हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में यंग गोल्ड क्लब ने सात विकेट खोकर 152 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एचआर रॉयल क्रिकेट क्लब टांडा 127 रन बनाकर ही आउट हो गई। यंग गोल्ड क्लब ने 25 रन से यह मैच जीत कर क्रिकेट लीग का विजेता बना। मैन ऑफ द मैच इफ्तिखार शेखू तथा मैन ऑफ द सीरीज इंद्रा क्लब के सैफ रहमान को दिया गया, विजेता और उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथि हाजी सरफराज ने पुरस्कार दिए।




एचआर रॉयल क्लब को हराकर, यंग गोल्ड क्लब बना चैंपियन ● अमृत विचार

## न्यूज डायरी

### प्रवक्ता डॉ. गौरव वार्ष्णेय को किया सम्मानित



**रामपुर, अमृत विचार :** जैन इंटर कॉलेज में रसायन विज्ञान के प्रवक्ता डॉ. गौरव वार्ष्णेय को राज्य अध्यापक पुरस्कार-2025 के लिए नामित किया है गया। इस उपलब्धि पर अजय कुमार द्विवेदी ने उन्हें प्रशस्ति-पत्र और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डीएम ने कहा कि डॉ. वार्ष्णेय ने शिक्षा को केवल पेशा नहीं, बल्कि समाज निर्माण का माध्यम माना है। उनके द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण और नवाचारों के माध्यम से विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि डॉ. वार्ष्णेय ने विद्यालय प्रबंधन में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के लिए अभिनव उपाय अपनाए। उन्होंने अभिभावकों, पूर्व छात्रों एवं स्थानीय समुदाय को विद्यालय की गतिविधियों से जोड़कर संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाई। डॉ. गौरव वार्ष्णेय ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार का है।



### पुलिस ने कांग्रेसियों को अरेस्ट कर चौकी पर बैठाया

**रामपुर, अमृत विचार :** विधानसभा सभा घेराव के लिये युवा कांग्रेस रामपुर के सैकड़ों कार्यकर्ता सुबह 4 बजे काजी गली स्थित युवा कांग्रेस के कैंप कार्यालय में एकत्रित हुए। इसी दौरान पुलिस ने सभी को अरेस्ट कर लिया। कार्यकर्ताओं ने कूच करने की कोशिश की तो उन्हें से पुलिस चौकी ले जाकर बैठा लिया। दोपहर करीब दो बजे के बाद पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया। युवा कांग्रेस के महासचिव अरसलान खां ने इसे सरकार की दमनकारी नीति बताया। कहा मनरेगा रोजगार की गारंटी है, जिस के नियमों को कांग्रेस बदलने नहीं देगी। जिला अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ ने विचार व्यक्त किए।




### स्वयं सेवकों ने निकाली स्वच्छता जागरुकता रैली

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन मंगलवार को स्वयं सेवकों ने ग्राम भुर्जी की मड़ैया में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। डॉ. अब्दुल लतीफ ने कहा कि शिविर के माध्यम से स्वयं सेवकों को ग्रामीण जीवन को करीब से देखने का मौका मिलता है। ग्राम भुर्जी की मड़ैया स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में आयोजित शिविर का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. जागृति मदान धींगड़ा ने किया। डॉ माया भारती, डॉ. अख्तर हुसैन, डॉ. वी के राय, डॉ. मुजाहिद अली, डॉ. ईरम नईम, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. नरेश कुमार आदि लोग रहे।

### लखनऊ जा रहे कांग्रेसियों को किया हाउस अरेस्ट



**रामपुर, अमृत विचार :** विधानसभा घेराव के लिए लखनऊ जा रहे जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को देर रात पुलिस ने बल प्रयोग कर रोक दिया। इसके बाद देर रात जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित एवं शहर अध्यक्ष बाकर अली खां को उनके आवास पर ही हाउस अरेस्ट कर लिया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार पूरी तरह तानाशाही पर उतर आई है। जनहित के मुद्दों पर आवाज उठाना अब अपराध बना दिया गया है। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता डरने वाला नहीं है। कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व विधायक संजय कपूर के कैंप कार्यालय पर एकत्रित हुए थे, जहां से लखनऊ कूच की रणनीति बनाई जा रही थी। लेकिन पुलिस बल तैनात कर कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने से रोक दिया गया। हाउस अरेस्ट कर लेने से संघर्ष रुकने वाला नहीं, यह आंदोलन और तेज होगा। शहर अध्यक्ष बाकर अली खां, साहिर रजा खां, शारिब अली खां, नोमान मुमताज खां, हानी खां, राजेश कुमार लोधी, दुर्गेश मौर्य, देवा पंडित, दामोदर, चितरंजन प्रसाद, रामगोपाल सैनी, राजीव आर्य, शकील मंसूरी, आसिफ अली खां, मुईन पठान अली मौजूद रहे।

# वॉलीबॉल टूर्नामेंट में इमरता टीम ने मारी बाजी



विजेताओं को ट्रॉफी देते अतिथि। ● अमृत विचार

**सैदनगर, अमृत विचार:** खेमपुर में चल रहे वॉलीबॉल टूर्नामेंट में इमरता की टीम विजय रही। मंगलवार शाम को हुए फाइनल मुकाबले में इमरता की टीम ने इमरती को हरा दिया। विजय टीम को अतिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

स्वार क्षेत्र के खेमपुर में मोहम्मद रफी इंजीनियरिंग ने वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कराया। टूर्नामेंट में खेमपुर, इमरती इमरता, भोट, दिलपुरा, कुम्हरिया, कुचैटा समेत करीब एक दर्जन टीमों ने हिस्सा लिया। वॉलीबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला इमरती और इमरता टीम के बीच खेला गया। देर शाम को हुए कड़े मुकाबले के बाद इमरता की टीम ने बाजी मारी। टूर्नामेंट की तैयारी पिछले तीन दिनों से चल रही थी। गांव के युवाओं ने आयोजन का भरपूर सहयोग किया। मुख्य अतिथि वार्ड नंबर 13 से प्रत्याशी मोहम्मद रफी नें विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सुबह 10 बजे शुरू हुए टूर्नामेंट के दौरान हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ थी। इस मौके पर इंतजार तन्हा, फरमान पाशा, नवाब अली, अरशद पाशा, मोहम्मद जुनैद, मोहम्मद शादाब, मोहम्मद मोफिज, मोहम्मद आसिफ, मुल्ला सलमानी, मोहम्मद अयान, डॉ अहमद हुसैन, आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

### मंडल स्तरीय खेलों में अर्जुन ने जीते तीन स्वर्ण

**रामपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को संभल-चंदौसी में आयोजित मंडलीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर पर नानकार मिलक के छात्र अर्जुन ने तीन स्वर्ण पदक आने नाम किए। अर्जुन ने तीन अलग-अलग स्पर्धाओं स्वर्ण पदक पाकर रामपुर का नाम रोशन किया है। उन्होंने 200, 400 व 600 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई है। मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक बुद्ध प्रिय सिंह ने अर्जुन को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने शानदार प्रदर्शन पर जिला व्यायाम शिक्षक सलीम मियां और अर्जुन को बधाई दी है।




स्वर्ण पदक जीतने वाले अर्जुन को सम्मानित करते मुख्यातिथि

## प्रकाश क्लब को हराकर ज्वाला क्लब फाइनल में



परिचय प्राप्त करते मुख्यातिथि।

**रामपुर, अमृत विचार:** ज्वाला क्लब के मैदान पर चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें ज्वाला क्लब और प्रकाश क्लब के बीच मैच हुआ। प्रकाश क्लब के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए प्रकाश क्लब की पूरी टीम 17.2 ओवर में 98 रनों पर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ज्वाला क्लब की टीम ने 17.3 ओवर में 7 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली।

ब्रीफ न्यूज

### पुलिस ने अभियान चला कर 6 वारंटी पकड़े

**हसनपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने एक साथ छह वारंटी गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किए। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हसनपुर कोतवाली पुलिस द्वारा वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए एक अभियान चलाया गया। कोतवाली पुलिस द्वारा थाना आदमपुर के गांव गारवपुर निवासी विक्रांत पुत्र रामकुंवर, ग्राम अलीपुर खादर निवासी कुलदीप पुत्र प्रेम, दीपक पुत्र प्रेम एवं दयावती पत्नी प्रेम, ग्राम सोहरका निवासी लखमी पुत्र निहाल और कस्बा मुहल्ला होली वाला निवासी अनवर पुत्र अफसर को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए 6 वारंटी को कोतवाली पुलिस द्वारा न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### पेड़ गिरने से बाइक सवार युवक की मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** बाइक सवार पर आम का पेड़ से युवक की मौत हो गई जबकि बच्चा घायल हो गए। मृतक की पहचान झालू निवासी अनस खानके रूप में हुई है। घायल बच्चा खड़ियापुर निवासी शिवा है। नगीना से नजीबाबाद की ओर आते समय नहर पार पुरानाआम का पेड़ अचानक उन पर गिर गया। आदर्श नगर पुलिस चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। पेड़ गिरने से सड़क पर दोनों ओर जाम लग गया और एक खोखे को भी नुकसान पहुंचा है।

### दो बच्चों को खोजकर परिजनों को सौंपा



**हसनपुर, अमृत विचार :** ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस व पीआरवी ने दो गुमशुदा बच्चों को बरामद कर उनके परिजनों को सौंप दिया। मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे प्रियंका निवासी बुरावली ने सूचना दी कि उनके बच्चे आरव (4 वर्ष) और दिव्या (3 वर्ष) ननिहाल मोहल्ला खैवाना से लापता हो गए हैं। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में सक्रिय हुई टीम ने सीसीटीवी फुटेज और पीए सिस्टम की मदद से दोनों बच्चों को ग्राम मगरोला से सकुशल बरामद कर लिया। टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक अमित कुमार, उपनिरीक्षक नेहा नेहरा, हे.का. विपिन कुमार और पीआरवी टीम के सहदेव कुमार, अबरार अली व रितेश कुमार शामिल रहे। बच्चों के मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# डीएम ने यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियां परखीं, सतर्कता बरतने को कहा

## राजकीय इंटर कॉलेज में कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण, कहा- 24 घंटे हो निगरानी

- **आज से 68 केंद्रों पर शुरू होगी बोर्ड परीक्षाएं, 51277 परीक्षार्थी होंगे शामिल**
- **नकलविहीन और पारदर्शी परीक्षा कराने के लिए जिला प्रशासन ने कसी कमर**

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों को देखतीं डीएम निधि गुप्ता। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो रही हैं। परीक्षाओं को नकलविहीन और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। मंगलवार को डीएम निधि गुप्ता ने राजकीय इंटर कॉलेज में स्थापित परीक्षा कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। साथ ही कड़ी सुरक्षा में परीक्षा को नकलविहीन कराने के निर्देश दिए।

जिले में आज बुधवार से 68 केंद्रों पर बोर्ड परीक्षाएं आयोजित होंगी। इन परीक्षओं में कुल 51,277 परीक्षार्थी शामिल होंगे। मंगलवार को डीएम निधि गुप्ता ने कंट्रोल रूम में स्थापित सीसीटीवी मॉनिटरिंग सिस्टम, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा व्यवस्था, केंद्रवार रिपोर्टिंग प्रणाली और तैनात कर्मियों की उपस्थिति की गहन समीक्षा की। डीएम ने सभी परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों से निरंतर और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी केंद्र पर अवांछित गतिविधि की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम और संबंधित अधिकारियों को दी जाए, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कंट्रोल रूम प्रभारी को कक्षाओं में कैमरों की स्पष्ट दृश्यता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए, जिससे परीक्षा कक्षा की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा सके। तकनीकी समस्याओं के समय पर समाधान के लिए कंट्रोल रूम को 24 घंटे सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शांतिपूर्ण, नकलमुक्त और निष्पक्ष परीक्षा कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि परीक्षा व्यवस्था सुचारु ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रश्नपत्र वितरण प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने जोर दिया कि बोर्ड परीक्षा विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा एक महत्वपूर्ण चरण है, इसलिए किसी भी प्रकार की नकल या अनुचित साधनों के प्रयोग को कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को सतर्कता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि जनपद की परीक्षा व्यवस्था आदर्श और निष्पक्ष बनी रहे।

### सिटिंग प्लान पूरा आज से होंगी परीक्षाएं

परीक्षा केंद्रों में सिटिंग प्लान पूरा कर लिया गया है। मंगलवार को परीक्षा को लेकर सीटों पर स्लिप लगाने का कार्य हुआ। परीक्षार्थी भी अपनी सीटों को देखने के लिए स्कूलों पहुंचे। सभी परीक्षों केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए है। डीआईओएस प्रवेश कुमार ने बताया कि सीटिंग प्लान पूरा कर लिया गया है। अनुक्रमांक वार स्लिप लगाई गई है। कहा कि कड़ी सुरक्षा में 68 परीक्षा केंद्रों पर आज से परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। केंद्र व्यवस्थापकों को कोई समस्या न हो इसको लेकर दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### फोटो वायरल कर शादी तुड़वाने की धमकी, दी तहरीर

**हसनपुर, अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने गांव ईशापुर शर्की थाना सैदनगली निवासी एक युवक पर बेटी के फोटो एडिट कर वायरल करने और शादी तुड़वाने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान ने बताया कि उनकी पुत्री का रिश्ता पहले थाना सैद नगली क्षेत्र के गांव ईसापुर शर्की निवासी सचिन के चचेरे भाई से हुआ था जिसके चलते सचिन का उनके घर आना-जाना था। इसी दौरान उसने चोरी-छिपे युवती के फोटो और वीडियो बना लिए। रिश्ता टूटने के बाद युवती की शादी कोतवाली क्षेत्र के गांव मंगरौली निवासी एक युवक से तय हो गई, जिसका विवाह 10 मई को होना निश्चित है।

आरोप है कि अब सचिन उन फोटो को अश्लील तरीके से एडिट कर बेटी के मंगेतर को दिखाकर ब्लैकमेल कर रहा है। शादी तुड़वाने की धमकी दे रहा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

# पुलिस ने कांग्रेसियों को किया हाउस अरेस्ट



कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया के घर बैठी पुलिस। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- **विधानसभा घेराव में जाने से रोका, जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने जताई नाराजगी**

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा मनरेगा बहाली और जनहित के मुद्दों को लेकर मंगलवार को लखनऊ में प्रस्तावित विधानसभा घेराव कार्यक्रम से पहले प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। थाना अध्यक्ष विकास सेहरावत पुलिस बल के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया के आवास पर पहुंचे और हाउस अरेस्ट कर लिया।

ओमकार कटारिया ने कहा कि उन्हें 16 फरवरी की सुबह 9 बजे से लेकर बुधवार तक घर में नजरबंद कर दिया गया है। 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उनके घर पर पुलिस का पहरा बैठा हुआ है। कटारिया का आरोप है कि योगी सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग कर रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गरीब, मजदूर और नौजवानों के हक की आवाज उठाने से रोकने के लिए यह कार्रवाई की गई है। कांग्रेस का तर्क है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन से रोकना उनके संवैधानिक और मौलिक अधिकारों का खुला उल्लंघन है। पार्टी ने सरकार की इस कार्यप्रणाली को दुर्भावनापूर्ण बताते हुए इसकी घोर निंदा की है। अमरोहा पुलिस की इस घेराबंदी के कारण जनपद के कांग्रेस कार्यकर्ता लखनऊ कूच नहीं कर सके, जिससे स्थानीय स्तर पर भारी रोष व्याप्त है।

# शिक्षकों की मांगों, आंदोलनों पर चर्चा

- **प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई की समीक्षा बैठक**

संवाददाता, हसनपुर



बैठक में शामिल होने पहुंचे अध्यापक। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई गंगेश्वरी की बैठक मंगलवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र, चन्दनपुर खादर में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की वर्तमान स्थिति का आकलन करना, रिक्त पदों को भरना और शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर आगामी प्रांतीय आंदोलनों की रूपरेखा तैयार करना था।

जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह ने डिजिटल युग में सोशल मीडिया की शक्ति पर जोर दिया। कहा कि कार्यसमिति और संघर्ष समिति के सभी पदाधिकारी अपना ट्विटर अकाउंट तत्काल सक्रिय कर लें। कुछ समय में प्रदेश व्यापी आंदोलन तेज होने वाला है, जिसमें गंगेश्वरी ब्लॉक के पदाधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगी। उन्होंने आंदोलन के चरणों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रांतीय निर्देशों के अनुसार, शिक्षकों को सबसे पहले ट्विटर अभियान के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद करनी होगी। इसके बाद काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना और अंततः देश की राजधानी दिल्ली में एक विशाल प्रदर्शन की योजना है। जिला उपाध्यक्ष नीरज चौहान, विरेंद्र सिंह, अरुण कुमार, अमरपाल मान, सुनील कुमार, विवेक चौधरी, अरविंद सिरोही, महताबउद्दीन, देवेन्द्र शर्मा, सचिन मलिक, संदीप कुमार, संजीत यादव, करनवीर सिंह, योगराज सिंह, संजय सिंह, अजय कुमार, प्रमोद कुमार, राजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।

### पीएम श्री विद्यालय में वार्षिकोत्सव की धूम

**हसनपुर, अमृत विचारः** गंगेश्वरी विकासखंड के पीएम श्री विद्यालय कुटी दौलतपुर में मंगलवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने दीप प्रज्वलित किया।

समारोह में बच्चों ने बेटी है सम्मान, राधा-कृष्ण झांकी और स्वच्छ भारत जैसे नाटकों व लोक नृत्यों से मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन गुरमीत कुमार ने किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह, गौरव नागर, रामवीर सिंह, प्रदीप भाटी, देवेंद्र शर्मा, महिपाल सिंह, असलम, संजीव मौर्य, राकेश शर्मा, राजवीर सिंह, मोनिका रानी व मोनू त्यागी आदि उपस्थित रहे। अंत में इंचार्ज प्रधानाध्यापक संजय यादव ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# पाकिस्तान में शिया मस्जिद में बिस्फोट के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

- **शिया समुदाय के लोगों ने राष्ट्रपति के नाम थानाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा**

संवाददाता सैदनगली




कैंडल मार्च निकालते शिया समुदाय के लोग। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** नगर में शिया समुदाय ने पाकिस्तान की मस्जिद में घटित आतंकवादी घटना के सम्बंध मे विरोध दर्ज कराने हेतु भारत के राष्ट्रपति के नाम थानाध्यक्ष सैदनगली विकास सहरावत को ज्ञापन सौंपा।

सैदनगली में मस्जिद से इमामबारगाह पीर तक कैंडल मार्च निकालकर मृतकों को खिराजे अकीदत पेश किया। पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए। बता दें कि 6 फरवरी को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद की शिया जामा मस्जिद में नमाज़े जुमा के दौरान बम ब्लास्ट में कई लोगों की मौत हो गयी थी। मौलाना कम्बर अली ने कहा की बम धमाके के ज़रिए बेगुनाह बच्चों, जवानों व बुजुर्गों की हत्या कर दी गई थी। हम दहशतगर्द पाकिस्तान की आलोचना करते हैं। डॉ. अहमद मुर्तज़ा ने कहा कि भारत सरकार पाकिस्तान पर दबाव बनाकर इस तरह की आतंकवादी घटनाओं पर अंकुश लगाए। ज्ञापन सोंपने वालो मे कुमैल असगर, शुऐब रज़ा, हसन मेहदी, सभासद फ़ज़ले अब्बास, रज़ा अब्बास, दानिश बाक़री आदि लोग मौजूद रहे।

# सहकारी समितियों पर हो रहा किसानों का शोषण



भाकियू शंकर की मासिक पंचायत में उपस्थित किसान। • अमृत विचार

संवाददाता, रहरा

- **गंगेश्वरी ब्लाक परिसर में भाकियू शंकर की मासिक पंचायत में लगे आरोप**
- **अमरोहा विकास प्राधिकरण और गजरौला में ट्रामा सेंटर बनाने की मांग**

**अमृत विचारः** गंगेश्वरी ब्लाक परिसर में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन शंकर की मासिक पंचायत में ब्लाक कोषाध्यक्ष कमल सिंह ठाकुर ने कहा कि जिला सहकारी बैंक रहरा के अंतर्गत आने वाली सभी सहकारी समितियों पर अधिकारियों द्वारा किसानों का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द प्रशासन को इसका संज्ञान लेकर भ्रष्ट अधिकारियों को हटाया जाए।

ब्लाक अध्यक्ष योगेंद्र कुमार ने कहा कि अमरोहा को विकास प्राधिकरण का दर्जा देते हुए गजरौला में ट्रामा सेंटर की स्थापना की जाए। किसान आयोग का गठन डॉ. स्वामी नाथन की रिपोर्ट के अनुसार किया जाए। गंगेश्वरी विकासखंड के गांव सिरसा ऐतमाली से सिलरा तक हरि बाबा तटबंध पर जर्जर रास्ता है। हजारों श्रद्धालु श्री हरि बाबा बांध पर दर्शन के लिए जाते हैं। उन्हें खासा परेशानी का सामना करना पड़ता है। रास्ते को जल्द से जल्द पक्का कराया जाए। गंगेश्वरी पशु चिकित्सा अधिकारी नीरज कुमार लगातार अपने दफ्तर से अनुपस्थित रहते हैं। जिसके चलते सैकड़ों किसान अपने पशुओं का इलाज नहीं कर पा रहे हैं। कहा की देहरी खादर में 10 केवी विद्युत घर शासन द्वारा काफी समय पहले प्रस्तावित हो चुका है। लेकिन, धरातल पर अभी तक कोई कार्य नहीं हुआ है। किसानों की मांग है कि जल्द से जल्द विद्युत घर का निर्माण कराया जाए। क्षेत्र में गौशालाएं शोपीस बनी खड़ी हैं। जबकि आए दिन बेसहारा पशुओं से किसानों की फसलों को नुकसान हो रहा है। मासिक पंचायत का संचालन डॉ. शीशपाल सिंह ने किया। श्रीपाल सिंह, शिव कुमार, धनपत सिंह, मुंशीलाल, अरविंद कुमार, मोमराज सिंह, भागमल सिंह, कलुआ सिंह आदि किसान उपस्थित रहे।

### महिला को बेरहमी से पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** झगड़ा होने पर महिला को पति ने बेरहमी से पीट दिया। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव टोकरा पट्टी निवासी राजबाला का अपने पति अशोक से किसी बात को लेकर 15 फरवरी को झगड़ा हो गया था। आरोप है कि अशोक ने उसे डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पड़ोस के लोगों ने किसी तरह महिला को बचाया। घायल को सीएचसी ले जाया गया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि इस मामले में अशोक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### फैक्ट्री कर्मियों के घर के ताले तोड़ लाखों का सामान चोरी

**गजरौला, अमृत विचारः** फैक्ट्री कर्मियों के मकान के ताले तोड़ कर चोरों ने लाखों रुपये का सामान समेट लिया। तहरीर दी गई।

शहर के मोहल्ला अतरपुरा निवासी चंद्रमणि मिश्रा व नितेश सरोज शहर की एक फैक्ट्री में काम करते हैं। सोमवार की रात दोनों फैक्ट्री गए थे। दोनों के परिवार वाले गांव में है। चोरों ने उनके मकान के ताले तोड़कर दस हजार रुपये की नगदी व सोने-चांदी के जेवरात समेत करीब तीन लाख रुपये का सामान साफ कर लिया। मंगलवार की सुबह दोनों फैक्ट्री कर्मी घर लौटे तो ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# महेशरा गांव की सड़क बन गई तालाब

- **जलनिकासी की व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीण उठा रहे मुसीबत**

संवाददाता, गजरौला



जलभराव से बुग्गी लेकर आता ग्रामीण। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** ब्लाक क्षेत्र के गांव महेशरा में जलनिकासी की व्यवस्था नहीं होने से सड़क तालाब में तब्दील हो गई। हल्की बारिश के बाद ही सड़क पर पानी भर जाता है। घरों से निकलने वाला पानी भी सड़क पर भर रहा है। स्थिति बदतर हो गई है। ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह रास्ता खाद गुर्जर से होते हुए 10 गांवों को जोड़ता है। महेश्वरा, खेडकी, देहरा घनश्याम, बल्दाना, बावनपुरा, पचदेवला, भटपुरा, चांदनगर, पीरगढ़, कपूरपुर होते हुए रास्ता अमरोहा के लिए निकल जाता है। आए दिन मार्ग पर स्कूली बच्चे गिर जाते हैं। ई-रिक्शा भी गंदे पानी में पलट जाती हैं। बावजूद इसके समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। सड़क पर जमा गंदे पानी से फिसलन बढ़ गई है, दोपहिया वाहन चालकों के गिरने की आशंका बनी रहती है। बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि समस्या को लेकर कई बार अफसरों को अवगत कराया गया लेकिन समाधान नहीं किया गया।

### शिकायतों के बाद भी नहीं हुआ समाधान

सड़क बनवाने की मांग ग्रामीण कई बार उठा चुके हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका है। सपा नेता जितेंद्र यादव ने बताया कि उन्होंने ब्लाक से लेकर जिला स्तर तक सभी अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया। गर्मी का मौसम आने वाला है, ऐसे में गंदगी में पनपने वाले मच्छरों की वजह से संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना रहेगा।

# राजनीतिक हस्तक्षेप के बाद गहराया समिति विवाद

संवाददाता, हसनपुर

- **सहकारी समिति भदौरा का तीसरा हिस्सा करने का मामला**

**अमृत विचारः** पूर्व में बहुउद्देशीय सहकारी समिति भदौरा को दो भागों में विभाजित किए जाने का प्रस्ताव उच्च अधिकारियों द्वारा मांगा गया था। इसे मंजूर करते हुए बहुउद्देशीय सहकारी समिति देहरा के नाम से समिति बन गई। इसी बीच ग्राम कुंदरखी भूड़ ग्राम प्रधान एवं अन्य कुछ ग्राम वासियों द्वारा कुंदरखी भूड़ के नाम से नई समिति बनाए जाने की मांग उठने लगी।

बहुउद्देशीय सहकारी समिति भदौरा के संचालक मंडल की बैठक में तीसरे विभाजन के प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया गया। कहा कि देहरा के नाम से पहले ही दूसरी समिति बन चुकी है। दर्जनों गांव अलग होने से समिति की आय में कमी व स्टाफ का वेतन के चलते समिति के घाटे में जाने की आशंका जताई गई। इसके बाद राजनीतिक हस्तक्षेप शुरू हो गया। विधायक व सांसद सहित कुछ पदाधिकारियों ने भी कुंदरकी भूड़ के नाम से तीसरी समिति बनाने के लिए अपनी सहमति देते हुए एक पत्र जारी कर दिया जिसके चलते सहकारिता विभाग के मंडलीय अधिकारी द्वारा संचालक मंडल को एक माह में तीसरी समिति बनाने की दिशा में कदम उठाए जाने अन्यथा संचालक मंडल को भंग किए जाने की चेतावनी जारी कर दी है। सभापति कृष्ण कुमार शर्मा व संचालक मंडल एक ओर कुआं और दूसरी ओर खाई जैसी स्थिति में आ गए हैं।

# हजारों श्रद्धालुओं ने किया गंगा में स्नान

संवाददाता, गजरौला

- **अमावस्या पर बृजघाट व तिगरी गंगा धाम में उमड़े श्रद्धालु**
- **पूजा-अर्चना कर परिवार में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की**

**अमृत विचारः** अमावस्या पर मंगलवार को बृजघाट व तिगरीधाम गंगा में हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। हर-हर गंगे जयघोष से घाट गूंज उठे। पूरा क्षेत्र भक्तिमयी माहौल में डूबा नजर आया। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद पूजा-अर्चना कर परिवार में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। घाटों पर साधु-संतों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। महिलाओं बुजुर्गो में भी स्नान को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।

मंगलवार तड़के से ही कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालु स्नान करने के लिए पहुंचना शुरू हो गए। दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान राज्य के अलावा मेरठ, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बिजनौर आदि जनपदों से आए श्रद्धालुओं ने भी गंगा-स्नान किया। बहुत से श्रद्धालु सोमवार रात ही बृजघाट पहुंच गए। जिन्होंने ब्रह्म मुहूर्त में स्नान किया। गंगा घाटों के किनारे अनुष्ठान कराकर श्रद्धालुओं ने घर में सुख-शांति की कामना की। साथ ही जरुरतमंदों को दान दिया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। घाटों पर पुलिस भी तैनात रही। दिनभर श्रद्धालुओं का आवागमन जारी रहा।

# साहित्य की सार्थकता तभी जब समाज हित में हो : डॉ. जोशी

वाराणसी कार्यालय

- **अमृत विचार के प्रधान संपादक राजेश श्रीनेत जनमित्र अवार्ड से सम्मानित**



वाराणसी में पूर्व सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी से पुरस्कार प्राप्त करते अमृत विचार के प्रधान संपादक राजेश श्रीनेत। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** वाराणसी के अशोका इंस्टीट्यूट के बुद्ध सभागार में मंगलवार को वरिष्ठ पत्रकार विजय विनीत की पुस्तक 'सपनों की पगडंडियां' के विमोचन अवसर पर अमृत विचार के प्रधान संपादक राजेश श्रीनेत को जनमित्र अवार्ड से सम्मानित किया गया। वह कई बड़े समाचारपत्रों में संपादक रहे हैं। उन्हें इतिहासविद व पूर्व सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी ने सम्मानित किया।

डा. रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि साहित्य नैतिक मूल्य, मानवीय संवेदनाएं व प्रेम विकसित कर समाज में शांति स्थापित करता है। इसकी सार्थकता सामाजिक उत्तरदायित्व और समाज हित में ही निहित होती है। उन्होंने कहा कि अच्छा लेखन वही है जिसकी पुस्तकें पढ़ी जाएं और जिनसे समाज को वास्तविक लाभ मिले। डॉ. जोशी ने काशी की धरती को विद्वानों और विचारकों की जन्मस्थली बताया। वरिष्ठ पत्रकार सुधीर मिश्रा ने कहा कि यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दौर है। आने वाले समय में पत्रकारिता किस रूप में होगी, इसका अनुमान लगाना आसान नहीं है। उन्होंने विजय विनीत की चर्चित कृति 'मैं इश्क लिखूं तुम बनारस समझना' का उल्लेख करते हुए कहा कि स्मृतियों को साहित्य में ढालना साधारण कार्य नहीं है।

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रोफेसर मनोज कुमार सिंह ने कहा कि विजय विनीत केवल लेखक नहीं, बल्कि संवेदनशील और निर्भीक पत्रकार हैं। अध्यक्षता कर रहे काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के निवर्तमान अध्यक्ष प्रोफेसर नागेंद्र पांडे ने कहा कि विजय विनीत ने अत्यंत स्पष्ट और सादगीपूर्ण भाषा में प्रोफेसर कुशवाहा के व्यक्तित्व को उकेरा है। वरिष्ठ लेखक एवं रंगकर्मी व्योमेश शुक्ल ने भी अपने विचार रखे। इससे पहले अशोका इंस्टीट्यूट के संस्थापक अशोक कुमार मौर्य को मानवाधिकार जन निगरानी समिति की ओर से 'जनमित्र अवार्ड' से सम्मानित किया गया। पत्रकार अभिषेक श्रीवास्तव, वरिष्ठ साहित्यकार राम जी यादव, उद्घोषक अशोक आनंद, रणभेरी न्यूज़ की संपादक समेला आफरीन की प्रतिनिधि सुमन अग्रहरि, पत्रकार रोहित सेठ चित्रकार अमित मेहता के अलावा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्त और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह सहित अनेक साहित्यकारों, पत्रकारों और कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। संचालन अशोक आनंद ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन 'मेरा शहर' संस्था की अध्यक्ष सोनम उपाध्याय ने किया।

अमृत विचार

मुरादाबाद, बुधवार, 18 फरवरी 2026 संभल-चन्दौसी

## न्यूज ब्रीफ

### तेज आवाज करने पर बुलेट बाइक सीज

**रजपुरा, अमृत विचार :** कस्बा रजपुरा में थाने के सामने से सोमवार शाम गांव मेहुआ हसनगंज निवासी एक युवक बुलेट से तेज आवाज में पटाखे छोड़ते हुए निकल रहा था। पुलिस ने बुलेट को कब्जे में लेकर सीज कर दिया।

### गौहत में झोलाछाप की क्लीनिक सील

**सौंधन, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव गौहत में मंगलवार को नोडल अधिकारी मनोज चौधरी के नेतृत्व में टीम क्लीनिक पर पहुंची और संचालक उस्मान से चिकित्सकीय योग्यता और आवश्यक दस्तावेज मांगे गए। संचालक वैध प्रमाणपत्र या कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद टीम ने क्लीनिक सील कर दिया।

### अवैध खनन के विरोध पर ग्रामीण से मारपीट

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** गांव अहरौला माफी निवासी ओम हरि सिंह ने एसपी को दी तहरीर में बताया कि अवैध खनन का विरोध करने पर अमरोहा के गांव चोधरपुर निवासी मोहम्मद रफी ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। असमोली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पति-पत्नी ने एक साथ कर ली आत्महत्या, साड़ी का बनाया फंदा

## कमरे में लटके मिले शव, 9 महीने की गर्भवती थी पत्नी, 2 साल पहले हुई थी शादी

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला


मृतक खोराज व उसकी पत्नी सरोज।

- दंपती के पहले बच्चे के इंतजार में था परिवार
- परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से किया इंकार

**अमृत विचार:** जुनावई थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक ही साड़ी के फंदे बनाकर पति पत्नी ने आत्महत्या कर ली। विवाहिता नौ माह की गर्भवती थी। 2 साल पहले शादी हुई थी।

गांव खेड़ामानी निवासी खोराज यादव (25) पुत्र प्रेमपाल यादव और उसकी पत्नी सरोज (22) के शव मंगलवार सुबह करीब आठ बजे कमरे में एक ही साड़ी से बने फंदों पर लटके मिले। सरोज नौ माह की गर्भवती थी और यह दंपती का पहला बच्चा था। सुबह देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने दरवाजा खटखटाया, नहीं खुलने पर जैसे-तैसे दरबाजा खोला। दोनों के शव एक ही साड़ी से बने फंदों पर लटके देख परिवार में कोहराम मच गया। सरोज का मायका धनारी थाना क्षेत्र के गांव भिरावटी में है। दो वर्ष पूर्व दोनों की शादी हुई थी। परिजनआत्महत्या की बजह नहीं बता सके। ग्रामीणों में चर्चा है कि खोराज शराब का आदी था और इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद होता था। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मृतक का छोटा भाई राजेंद्र एक दिन पहले ही दिल्ली से गांव लौटा था। मां कठोरी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

थानाध्यक्ष अखिलेश प्रधान ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन परिजनों ने कानूनी कार्रवाई और पोस्टमार्टम से इंकार कर दिया। इसके बाद आपसी सहमति से दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। गर्भवती पत्नी और पति द्वारा फंदे पर लटककर जान देने की वजह को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं हो रही हैं लेकिन कोई खुलकर नहीं बता रहा कि आखिर रात को ऐसा क्या हुआ जिसकी वजह से पति पत्नी ने फंदे पर लटककर जान दे दी। बड़ी बात यह कि मां की कोख में पल रहे मासूम की भी दुनिया देखने से पहले ही मौत हो गई।

### खेत में पेड़ से लटका मिला युवक का शव


मृतक दुर्वेश।

**बबराला, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव अल्लीपुर में मंगलवार को 19 वर्षीय दुर्वेश यादव पुत्र भूदेव यादव का शव घर से करीब आधा किलोमीटर दूर गेहूं के खेत में नीम के पेड़ से लटका मिला। सुबह करीब 5:45 बजे पीआरवी को सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। तलाशी के दौरान उसकी जेब से नरौरा से बैरपुर तक का रोडवेज बस टिकट मिला। परिजनों के अनुसार वह नोएडा में काम करता था और हाल ही में गांव लौटा था। थानाध्यक्ष अखिलेश प्रधान ने बताया कि दुर्वेश के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## चंदौसी में मिला बुजुर्ग भिखारी का शव, शिनाख्त नहीं

**संभल, अमृत विचार:** चंदौसी में कोतवाली से महज दस कदम की दूरी पर एक बुजुर्ग का शव मिला। जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन उसके पास से कोई पहचान संबंधी दस्तावेज बरामद नहीं हुआ।

व्यापारियों ने बताया कि मृतक बुजुर्ग बाजार में इधर-उधर घूमकर भीख मांगता था। सुबह करीब 11 बजे बाजार खुलने के बाद लोगों की नजर उस पर पड़ी। तेज धूप होने के बावजूद लोहे के जाल पर लेटा होने के कारण उठाने की कोशिश की गई तो कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। पुलिस को एक चादर के अलावा ऐसा कुछ नहीं मिला जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर ने बताया कि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

# शादियों में डीजे और भांगड़े पर रोक, दहेज की नुमाइश भी नहीं

कार्यालय संवाददाता, संभल

- किदवई बिरादरी की पंचायत ने लागू किए सख्त नियम
- शादी में फिजूलखर्ची न हो, बरात देरी से आई तो देना होगा जुर्माना

**अमृत विचार:** किदवई बिरादरी की पंचायत ने शादियों में सादगी और खर्च-नियंत्रित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। तय किया कि शादी में डीजे नहीं बजेगा और दहेज की नुमाइश नहीं लगाई जायेगी। पंचायत का कहना है कि इन फैसलों का उद्देश्य सामाजिक कुरीतियों पर रोक लगाना और परिवारों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम करना है।

सैफ खां सराय में कई दिन तक आपसी चर्चा के बाद किदवई बिरादरी की पंचायत ने शादियों को लेकर कुछ नियम बनाये हैं। पंचायत के फैसले की जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद नदीम ने बताया कि नए नियमों के तहत रिश्ता तय करते समय लड़का पक्ष केवल एक ही बार लड़की के घर जाएगा। बार-बार आना-जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही 'बिया रखने' की परंपरा को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। रिश्ता तय करते समय मोबाइल देने या मांगने पर भी सख्त रोक रहेगी। बरात के समय को लेकर पंचायत ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। नियमों के अनुसार बरात का समय दोपहर तीन बजे से चार बजे के बीच अनिवार्य रूप से तय किया गया है। निर्धारित समय से देरी होने पर प्रति घंटे पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

बरात वाले दिन डीजे बजाने, भांगड़ा या नाच-गाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। पंचायत ने दहेज की नुमाइश और सजावट पर भी रोक लगाई है। निर्देश दिए गए हैं कि दहेज का सामान सजाकर प्रदर्शित नहीं किया जाएगा। यदि कोई सामान भेजना आवश्यक हो तो वह शादी से एक-दो दिन पहले सादगी से भेजा जाए। पंचायत ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित परिवार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर सामाजिक दंड भी दिया जा सकता है। पंचायत पदाधिकारियों का कहना है कि ये नियम समाज की भलाई और आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के लिए जरूरी हैं।

# पहला दिन...11 परीक्षार्थी गैरहाजिर

- सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं शुरू पहले दिन गणित का पेपर हुआ

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** जनपद में सीबीएसई बोर्ड की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। पहले दिन हाईस्कूल की गणित की परीक्षा कड़ी सुरक्षा और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। 11 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

संभल में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। हाईस्कूल की परीक्षा सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा केंद्रों पर सुबह 9:30 बजे से ही परीक्षार्थियों को गहन जांच के बाद प्रवेश दिया गया। प्रत्येक परीक्षा कक्ष में दो-दो सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिससे पूरे समय निगरानी बनी रही। सीबीएसई के जिला समन्वयक संजय पांडे ने बताया कि जिले में कुल 32 सीबीएसई स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों के 3126 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 11 छात्र-छात्राएं पहले दिन की परीक्षा में अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई गई है। परीक्षा देकर निकले छात्रों ने बताया कि गणित का प्रश्नपत्र उनकी तैयारी के अनुरूप था। हालांकि दो से तीन प्रश्न थोड़े कठिन लगे, लेकिन कुल मिलाकर पेपर संतोषजनक रहा।

### यूपी बोर्ड परीक्षाएं आज से, जिले में 51 हजार परीक्षार्थी 77 केंद्रों पर देंगे परीक्षा

**संभल, अमृत विचार :** बुधवार से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। जनपद में हाईस्कूल के 27,786 और इंटरमीडिएट के 23,461 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। इसके लिए जिले में कुल 77 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। दो परीक्षा केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है, जहां विशेष निगरानी रखी जाएगी। परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए डीआईओएस कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार ने बताया कि परीक्षाओं को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। जिले में तीन जोनल मजिस्ट्रेट, 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 77 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। इसके अलावा 77 केंद्र व्यवस्थापक और 77 बाह्य केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त किए गए हैं। परीक्षा ड्यूटी में करीब 3,500 अध्यापकों को लगाया गया है। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि यदि कोई नकल कराता पाया गया तो उस पर एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा, जेल भेजा जाएगा और उसकी संपत्ति भी कुर्क की जा सकती है।

## बच्ची का पुलिस सुरक्षा में हुआ अंतिम संस्कार

**सौंधन/कैला देवी, अमृत विचार:** कैला देवी थाना इलाके के लखनपुर गांव में आठ वर्षीय बच्ची संगीता को मंगलवार को नम आंखों के बीच अंतिम विदाई दी गई। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव गांव पहुंचा, परिजनों में एक बार फिर चीख-पुकार मच गई।

बच्ची की अंतिम यात्रा में गांव के सैकड़ों लोग शामिल हुए। मां का करुण विलाप सुनकर वहां मौजूद लोग भी अपने आंसू नहीं रोक सके। पिता जीराज बेसुध नजर आए और बार-बार बेटी को याद कर फफक पड़ते रहे। पूरे गांव में शोक और सन्नाटे का माहौल बना रहा। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए कैला देवी थाना पुलिस के साथ अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात रहा। अंतिम संस्कार के दौरान पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद रहे, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।

# पूर्व प्रधान के घर लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी


रचैटा में चोरी के बाद पूर्व प्रधान के घर पर इकट्ठा लोग। ● अमृत विचार

- 99 हजार नकद व जेवर समेत करीब 6 लाख का सामान ले गए चोर
- पड़ोसी की दीवार फांदकर दाखिल हुए, कलियर गया था परिवार

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र के गांव रचैटा में पूर्व प्रधान के घर चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर 99 हजार रुपये की नकदी, सोने-चांदी के जेवर समेत करीब छह लाख रुपये से अधिक का माल समेट ले गए। वारदात की सूचना पर डायल 112 पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

गांव रचैटा निवासी पूर्व प्रधान खालिद हुसैन का पुत्र जाहिद हुसैन परिवार के अन्य सदस्यों के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली से कलियर शरीफ दरगाह गया था। घर पर खालिद हुसैन, उनके पुत्र शाकिर, नाजिर और नसरीन जहां नीचे बरामदे में सो रहे थे। नाजिर हुसैन के अनुसार सोमवार रात करीब 12 बजे चोर पड़ोसी असलम की दीवार के सहारे घर में दाखिल हुए। इसके बाद दूसरी मंजिल पर बने जाहिद हुसैन के कमरे की खिड़की खोलकर अंदर प्रवेश किया। कमरे में रखी अलमारी के ताले तोड़कर उसमें रखे 99 हजार रुपये, चार तोला सोना और करीब आधा किलो चांदी के आभूषण चोरी कर लिए।

देर रात करीब सवा एक बजे जब परिवार के लोग कलियर से लौटे तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा मिला। नकदी और जेवर गायब थे। कमरे का नजारा देख जाहिद हुसैन के होश उड़ गए।

सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार से घटना की जानकारी ली। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर घटना के खुलासे और चोरी गए माल की बरामदगी की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## पत्नी की हत्या के दोषी पति को 13 वर्ष कठोर कारावास

**संभल/चंदौसी, अमृत विचार:** अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह ने पत्नी की हत्या के मामले में दोषी पति फरमान निवासी कायस्थान हसनपुर को 13 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अदालत में अभियोजन पक्ष ने बताया कि विवाहिता ने फरमान से प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद आरोपी दहेज मांगने लगा। मांग पूरी न होने पर क्रूरता की गई और गला घोंटकर हत्या कर दी गई। न्यायालय ने तथ्यों, परिस्थितियों और साक्ष्यों का परीक्षण कर फरमान को दोषी पाया। इसी प्रकरण में महिला फिरदौस पत्नी मेहदी हसन निवासी संभल को पूर्व में दोषी करार देते हुए सजा सुनाई जा चुकी है। मामले में सहायक शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश उर्फ हरीश सैनी ने प्रभावी पैरवी की।

# बेटे को खाना देने जा रहे बुजुर्ग की सड़क दुर्घटना में मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल


मृतक पूरन सिंह।

**अमृत विचार:** संभल बहजोई मार्ग पर थाना हयातनगर क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। बुजुर्ग अपने बेटे को ईंट भट्ठे पर खाना देने पैदल जा रहे थे, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

गांव लहरा कमंगर निवासी पूरन सिंह (60) का बेटा हुकम सिंह मुजफ्फरपुर गांव के निकट ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे पूरन सिंह बेटे को खाना देने ईंट भट्ठे पर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने सड़क किनारे चल रहे पूरन सिंह को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई।

आसपास से गुजर रहे लोग भी रुक गए और परिजनों को सूचना दी। पिता की मौत की खबर मिलते ही हुकम सिंह भी मौके पर पहुंचा। पिता का शव देखकर वह बदहवास हो गया। थाना प्रभारी उमेश कुमार सोलंकी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। लोगों द्वारा बताए गए अज्ञात वाहन की तलाश आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से की जा रही है।

# यूजीसी कानून के समर्थन में निकाली रैली

- प्रदर्शन कर एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, संभल



चंदौसी में यूजीसी के समर्थन में रैली निकालकर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** यूजीसी कानून के समर्थन में मंगलवार को चंदौसी में रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से सरकार से मांग की गई कि यूजीसी कानून पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाए गए स्टे को हटाने की पहल की जाए, ताकि संशोधित कानून को दोबारा लागू किया जा सके। रैली के बाद प्रदर्शनकारियों ने चंदौसी के एसडीएम आशुतोष तिवारी को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

रैली मालगोदाम रोड स्थित अंबेडकर मूर्ति से तहसील परिसर तक निकाली गई। संतोष कुमार सैनी ने कहा कि 13 जनवरी 2026 को यूजीसी संशोधन बिल पेश किया गया था, जिसका उद्देश्य पिछड़े, दलित और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा करना है। आरोप लगाया कि कुछ शरारती तत्वों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर इस कानून पर रोक लगवा दी। उन्होंने कहा कि वे न्यायालय का सम्मान करते हैं, लेकिन सरकार को चाहिए कि वह स्टे हटवाने के लिए ठोस पहल करे। सुजाता गौतम ने कहा कि यूजीसी के इन प्रावधानों का विरोध समझ से परे है। एक ओर समानता और बराबरी की बात की जाती है, वहीं जब वास्तव में समानता लाने वाले कदम उठाए जाते हैं तो कुछ लोग उनका विरोध करने लगते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या समाज के हर वर्ग के बच्चों को आगे बढ़ने का अधिकार नहीं मिलना चाहिए। रैली के दौरान वक्ताओं ने एक स्वर में यूजीसी संशोधन कानून के समर्थन और स्टे हटाने की मांग दोहराई।

## न्यूज डायरी

### बाल विवाह की सूचना पर पहुंची पुलिस

**संभल, अमृत विचार :** बाल विवाह की सूचना मिलने पर जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी प्रयत्न संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने तत्काल बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गौरव गुप्ता से संपर्क किया। गौरव गुप्ता ने एएचटी और बहजोई पुलिस को विवाह रुकवाने के निर्देश दिए। एएचटी के उपनिरीक्षक बाबूराम सैनी के नेतृत्व में टीम प्रयत्न संस्था के पदाधिकारियों के साथ गांव पहुंची। जांच में किशोरी के नाबालिग होने की पुष्टि के बाद टीम ने परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों की जानकारी दी और स्पष्ट किया कि बाल विवाह कराने, उसमें शामिल होने या सहयोग करने वाले सभी लोगों चाहे पंडित, नाई, हलवाई, टेंट संचालक या अन्य सेवा प्रदाता हों सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान प्रयत्न संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी, कांस्टेबल नवीन कुमार, कांस्टेबल कुलदीप कुमार और कांस्टेबल अमरदीप सिंह मौजूद रहे।

### युवक को चाकू मारा

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के घुघावली गांव निवासी शोएब के अनुसार उसी के गांव के आसिफ ने उसकी बहन को लेकर अपमानजनक बातें कहीं। आपत्ति जताने पर कहासुनी और हाथापाई हो गई। इसी दौरान आसिफ ने चाकू से शोएब पर हमला कर दिया। चाकू शोएब के पेट और कंधे पर लगे। घायल शोएब को तत्काल हयातनगर थाना लाया गया, जहां से उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया। पुलिस का कहना है कि मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



### बकाया वेतन और पीएफ को लेकर सफाई मजदूर संघ ने उठाई आवाज

**चंदौसी, अमृत विचार :** आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों के वेतन और पीएफ को लेकर स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संघ के अनुसार नगर पालिका में लगभग 150 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की नियुक्ति एक निजी फर्म के माध्यम से की गई थी। सितंबर 2021 से दिसंबर 2022 तक 16 माह की अवधि में 125 कर्मचारियों को केवल 13 माह का ही वेतन दिया गया। इस संबंध में कई बार अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस में शिकायत के बाद फर्म द्वारा केवल एक माह का वेतन दिया गया। इसके अलावा डोर-टू-डोर सफाई कार्य में लगे लगभग 100 कर्मचारियों का पीएफ भी जमा नहीं किया गया है। कर्मचारियों ने विरोध जताया तो उन्हें कार्य से हटाने की चेतावनी दी गई।



### सिरसानाल में नजर आया तेंदुआ लगाया पिंजरा

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव सिरसानाल में मंगलवार को नहर के पानी से फसलों की सिंचाई के लिए नाली निर्माण को लेकर सिंचाई विभाग की टीम सर्वे करने पहुंची थी। टीम गजेंद्र के खेत में पैमाइश कर रही थी, तभी सरसों की फसल से निकलकर एक जंगली जानवर गन्ने के खेत में घुस गया। सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची। वन कर्मियों ने खेत के चारों ओर तीन ट्रैप कैमरे लगाए और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे में बकरी बांध दी। वन क्षेत्राधिकारी संभल मनोज कुमार ने बताया कि मौके पर मिले पंजों के निशान तेंदुए के प्रतीत हो रहे हैं। एहतियातन क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है और ग्रामीणों को खेतों में अकेले न जाने की सलाह दी गई है। टीम लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

### स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के तहत जागरुकता अभियान तेज



**चंदौसी, अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए नगर के विभिन्न वार्डों में विशेष जागरुकता अभियान चलाया गया। आईईसी टीम ने प्रचार वाहन के माध्यम से मोहल्लों में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। टीम ने नागरिकों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, कचरे का सही निस्तारण करने तथा जैविक खाद बनाने के तरीकों की जानकारी दी। साथ ही स्वच्छता बनाए रखने में जनसहभागिता के महत्व पर जोर दिया गया। टीम ने विद्यालयों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को स्वच्छता का महत्व समझाया और उन्हें अपने घर व आसपास सफाई रखने के लिए प्रेरित किया। अभियान में नगरपालिका की सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह, आईईसी टीम के नोमान जमाल, लवित वार्ष्णेय, विकास, सुभाष सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। अभियान का उद्देश्य नगर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है।

# क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, चंदौसी


चंदौसी में विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देते जिलाधिकारी, बीएसए व अन्य अतिथि।

- मुरादाबाद मंडल के सभी जनपदों ने किया प्रतिभाग
- विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया

**अमृत विचार:** एसएम कॉलेज में आयोजित मंडल स्तरीय परिषदीय विद्यालयों की क्रीड़ा प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों से आए छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। बिजनौर के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

क्रीड़ा प्रतियोगिता का आरंभ जिलाधिकारी राजेन्द्र पैंसिया एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ने किया। समापन मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिंक बुद्धप्रिय सिंह द्वारा किया गया। बालिका वर्ग के उच्च प्राथमिक स्तर पर 100 मीटर दौड़ में बिजनौर की निक्की ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि 200, 400 और 600 मीटर दौड़ में भी बिजनौर की पलक ने बाजी मारी। टीम खेलों में हॉकी में मुरादाबाद, वॉलीबॉल में अमरोहा, क्रिकेट में रामपुर तथा योग प्रतियोगिता में बिजनौर के उझारी कलां की टीम विजेता रही। अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता में मुरादाबाद ने पहला स्थान हासिल किया। प्राथमिक स्तर पर बालिका वर्ग में 50 मीटर दौड़ में शगुन (बिजनौर), 100 मीटर में नीतू (संभल) और आलिया खान (रामपुर), जबकि 200 और 400 मीटर में कशिश (मुरादाबाद) प्रथम रही। कबड्डी और शतरंज में बिजनौर की टीम ने जीत दर्ज की। बालक वर्ग के उच्च प्राथमिक स्तर पर अर्जुन (रामपुर) ने 200, 400 और 600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि 100 मीटर दौड़ में मो. समीर (रामपुर) विजेता रहे। चक्का फेंक में अंशुल (अमरोहा), टेबल टेनिस में मो. उवैस (मुरादाबाद) तथा हॉकी में मुरादाबाद की टीम विजेता रही। प्राथमिक स्तर पर अनमोल (अमरोहा), दक्ष (बिजनौर) और कार्तिक ने अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दुर्गा टंडन ने किया। विजेताओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## युवक की मौत हत्या का आरोप लगा हंगामा

**रजपुरा, अमृत विचार:** गुन्नौर क्षेत्र के मुटैना गांव निवासी जुगेंद्र कुशवाहा सोमवार रात अपने साले अजनेश निवासी गांव मलिकपुर के साथ बाइक से गांव धतूरा में दावत में शामिल होने गया था। रात करीब दस बजे दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे।

धनारी गांव के समी बाइक बिजली के पोल से टकरा गई। घायल जुगेंद्र की अलीगढ़ के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। मंगलवार सुबह परिजन शव लेकर गांव पहुंचे और कार्रवाई की मांग करने लगे। परिजनों ने मृतक के साले अजनेश पर हत्या का आरोप लगाया है। धनारी थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद परिजनों की शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

